हरिभूमि
# रायपुर भूमि

- नगर निगम सीमा क्षेत्र में शामिल होने के बाद भी न निकास नाली की व्यवस्था, न पक्की सड़क
- पार्षदों के भेजे प्रस्तावों को मंजूरी का इंतजार

# नाम का नगर निगम, व्यवस्था देहाती, टैक्स देकर भी आउटर के लोग सुविधाओं के लिए तरसे

प्रदीप शर्मा ▶▶| रायपुर

नाम नगर निगम का और व्यवस्था देहाती, शीर्षक पढ़कर आप भले ही चौक गए हों, पर यह सही बात है। शहर से लगे आउटर में बसे नगर निगम सीमा के गांवों के लोग नगर निगम को टैक्स देकर भी मूलभूत सुविधाओं के लिए मोहताज हैं। हालत ये है कि ग्राम पंचायत के समय बनाई गई कच्ची सड़क अब तक पक्की नहीं बन पाई। गंदे पानी के निकास के लिए नाली निर्माण के प्रस्ताव पर काम नहीं हुआ। निगम सीमा क्षेत्र में ऐसे भी इलाके हैं, जहां कई जगह नगर निगम स्ट्रीट लाइट नहीं पहुंचा पाया। जहां स्ट्रीट लाइट लगाई गई है, वह अरसे से बंद पड़ी है। चाहे कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड के दलदल सिवनी का गांव डबरी पारा, अयोध्यानगर, कालीनगर हो या फिर लालबहादुर शास्त्री वार्ड के जोरा गांव नाला पारा, लभांडी का ब्रम्हदेवनगर बस्ती, फुंडहर की यादव गली, यहां खस्ताहाल सड़क से रोज लोगों को आने-जाने में भारी परेशानी हो रही है। पेश है एक रिपोर्ट - ▶▶|शेष पेज 13 पर



केस 1

### लभांडी का ब्रम्हदेव नगर की सड़क कच्ची, नाली तक नहीं बनी

नगर निगम जोन 9 के लाल बहादुर शास्त्री वार्ड स्थित लभांडी गांव के ब्रम्हदेव नगर में गंदे पानी के निकास के लिए नगर निगम ने न नाली बनाई है, न ही लोगों के आने-जाने के लिए पक्की सड़क का निर्माण किया। पुरानी कच्ची सड़क की हालत खस्ता है। इसकी मरम्मत भी नहीं कराई गई, जबकि नगर निगम यहां के रहवासियों से हर साल पूरा टैक्स वसूलता है। पुरानी सड़क में कीचड़ और गड्ढे से होकर लोगों को आना जाना पड़ रहा है। सूरज नगर का भी यही हाल है। वार्ड के पार्षद रेणु जयंत साहू के मुताबिक सीसी रोड बनाने जोन से प्रस्ताव भेजा गया है।

केस 2



### फुंडहर की यादव गली की सड़क खस्ताहाल

नगर निगम क्षेत्र में शामिल फुंडहर गांव की यादव गली की सड़क खस्ताहाल है। जगह-जगह बजरी और नुकीले पत्थर पुरानी सड़क पर इधर-उधर बिखरे हुए हैं, सड़क मरम्मत की मांग वार्ड वासी कर रहे हैं। इसी तरह जोरा के नाला पारा की सड़क पूरी तरह कच्ची होने से जगह-जगह कीचड़ जमा हुआ है। इस मार्ग पर आने-जाने वालों को गंतव्य तक आने-जाने में काफी परेशानी हो रही है।

केस 3

### जोरा अंडरब्रिज से भवानीनगर होते हुए विधानसभा मार्ग की डेढ़ दर्जन लाइटें बंद



शहर से लगा जोरा गांव नगर निगम क्षेत्र में शामिल है। यहां के अंडरब्रिज से भवानी नगर होते हुए विधानसभा जाने वाले मार्ग की डेढ़ दर्जन लाइटें महीनों से बंद पड़ी हैं। अंधेरे में दुघर्टना होने का अंदेशा अक्सर बना रहता है। इस मार्ग पर लोगों की आवाजाही ज्यादा रहती है। इसके बाद भी रायपुर नगर निगम ने बंद पड़ी स्ट्रीट लाइट को नहीं बदला है।

केस 4



### पाइप डालने उधेड़ दी कचना बस्ती की सड़क

पंडित मोतीलाल साहू वार्ड के कचना गांव मुख्य मार्ग में देवजी पटेल द्वारा पक्की सड़क बनवाई गई, पर नगर निगम द्वारा अमृत मिशन की पाइप लाइन बिछाने के दौरान पूरी सड़क को बुरी तरह उधेड़ कर रख दिया गया। सड़क की हालत खस्ता है, जिसे अब तक मरम्मत नहीं कराया गया। इसका खामियाजा कचना सहित आसपास की ▶▶|शेष पेज 13 पर

## खबर संक्षेप

### दो ट्रकों की टक्कर से लगी आग, दो घायल

**रायपुर।** कबीर नगर थाना क्षेत्र में बिलासपुर बायपास रोड पर शुक्रवार देर रात दो ट्रकों की टक्कर होने से एक ट्रक में आग लग गई। आग लगने से ट्रक जलकर खाक हो गया। दोनों ट्रक के चालक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिनका उपचार चल रहा है। ट्रक में लगी आग को तीन फायर ब्रिगेड की गाड़ियों की मदद से काबू पाया जा सका। ट्रक में आग लगने से आवाजाही बाधित रही।

### नवा रायपुर में मिली लाश की हुई शिनाख्त

**रायपुर।** राखी थाना क्षेत्र के नवा रायपुर स्थित सीबीडी रेलवे स्टेशन के पास मिली अज्ञात लाश की शिनाख्त हो गई है। मृतक की पहचान मध्यप्रदेश जबलपुर निवासी अक्षत चौधरी के रूप में हुई है। अक्षत राज्योत्सव में टीम के साथ लाइटिंग का काम करने आया था। नवा रायपुर पहुंचने के बाद वह 24 अक्टूबर से लापता था। अक्षत के गायब होने के 10 दिन बाद पुलिस को उसकी सड़ी-गली लाश मिली थी। मृतक के साथ आए लोगों ने थाने में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई थी। अक्षत के शरीर में चोट के निशान मिलने की बात सामने आई है। अक्षत के साथ आए 10 संदिग्धों से पुलिस पूछताछ कर रही है।

### लगातार फरारी से पुलिस पर उठ रहे थे सवाल

# पांच महीने बाद... फरार सूदखोर वीरेंद्र तोमर गिरफ्तार, दूसरे भाई की तलाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मारपीट, हत्या की कोशिश, जबरन वसूली के साथ सूदखोरी सहित कई अन्य गंभीर अपराधों में फरार चल रहे तोमर बंधुओं में से पुलिस ने एक आरोपी की गिरफ्तारी करने की खबर है। सूत्रों के अनुसार क्राइम ब्रांच तथा पुरानी बस्ती पुलिस ने विरेंद्र तोमर को गिरफ्तार कर लिया है। वीरेंद्र को ग्वालियर से पकड़े जाने की खबर है।

उल्लेखनीय है कि सूदखोर रोहित तोमर के खिलाफ कारोबारी द्वारा तेलीबांधा थाना में मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई गई थी। एफआईआर दर्ज होने के बाद दो जून को वीरेंद्र तथा उसका भाई रोहित दो जून को फरार हो गए। दोनों आरोपियों ने पुलिस के शिकंजे में फंसने से बचने सभी तरह के कानूनी दांव पेंच अजमाए। तमाम तरह के कानूनी दांव पेंच अजमाने के बाद भी दोनों भाईयों को किसी तरह से राहत नहीं मिली। हाईकोर्ट में पिछले दिनों अग्रिम जामानत की याचिका खारिज होने के बाद पुलिस ने दोनों भाइयों की तलाश पहले से तेज कर दी। इसी दौरान पुलिस को वीरेंद्र के मध्यप्रदेश में होने की जानकारी मिली। इसके बाद पुलिस की अलग-अलग टीम बनाकर मध्यप्रदेश रवाना किया गया। मध्यप्रदेश में पुलिस की टीम वीरेंद्र की कॉल लोकेशन ट्रेस कर घेराबंदी कर गिरफ्तार किया है। सूत्रों के मुताबिक तोमर पुलिस को देख भागने की कोशिश की। चारों तरफ से घिरे पुलिस को चकमा नहीं दे पाया और वह पकड़ा गया।

हरिभूमि फॉलोअप


हाईकोर्ट में सूदखोर भाइयों की अग्रिम जमानत याचिका खारिज
हमारी स्मार्ट पुलिस 154 दिन से फरार चल रहे सूदखोर तोमर बंधुओं तक नहीं पहुंच सकी
फरारी के दौरान कोर्ट में चालान
पुलिस का यह कैसा सर्विलांस सिस्टम
एक माह में सात एफआईआर

### पांच हजार रुपए का इनाम घोषित है

एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह ने दोनों भाइयों की जानकारी देने वाले के लिए पांच हजार रुपए इनाम की पूर्व में घोषणा की है। बावजूद इसके विरेंद्र तथा उसका भाई लगातार पुलिस को चकमा देते हुए छिपते छिपाते बचते रहे। दोनों भाइयों की गिरफ्तारी नहीं होने पर पुलिस ने उनकी संपत्ति अटैचमेंट की कार्रवाई भी की है।

### विरेंद्र को लेकर आज पुलिस पहुंचेगी

विरेंद्र तोमर को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस शनिवार देर शाम ग्वालियर से रायपुर के लिए रवाना हो गई है। रविवार को यहां लाने के बाद पुलिस उससे उसके भाई के संबंध में पूछताछ करेगी। विरेंद्र की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने उसके भाई रोहित को जल्द गिरफ्तार करने का दावा किया है।

### रिश्तेदार के घर से किया गिरफ्तार

सूत्रों के मुताबिक विरेंद्र तोमर को पुलिस ने ग्वालियर में उसके एक रिश्तेदार के घर से गिरफ्तार किया है। जिनके यहां से पुलिस ने वीरेंद्र को गिरफ्तार किया है। वह उसका दूर का रिश्तेदार है या नजदीक का इस बात की फिलहाल जानकारी नहीं मिल पाई है। बताया जा रहा है, फरारी के दौरान वीरेंद्र लंबे अरसे से उत्तरप्रदेश, राजस्थान के अलग-अलग शहरों में भी रहा है। हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत की अर्जी खारिज होने के बाद वीरेंद्र को अपनी गिरफ्तारी का भय सताने लगा। इसके बाद वह भागकर ग्वालियर पहुंच गया।

### वीरेंद्र तक ऐसे पहुंची पुलिस

*सूत्रों के मुताबिक वीरेंद्र तथा रोहित की हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत याचिका खारिज हुई। इसके बाद से पुलिस ने वीरेंद्र के परिजनों के साथ उनके परिचितों के मोबाइल नंबर को सर्विलांस में ले लिया। इसी दौरान किसी ने वीरेंद्र को कॉल कर अग्रिम जमानत खारिज होने की जानकारी दी, जिसे पुलिस ने ट्रेस कर लिया। जिस नंबर पर वीरेंद्र को कॉल किया गया था, पुलिस उस नंबर को ट्रेस करते हुए ग्वालियर पहुंची और उसे गिरफ्तार किया।*

### दोनों भाइयों के खिलाफ दो दर्जन से ज्यादा मामले

*वीरेंद्र तथा रोहित के खिलाफ राजधानी के अलग-अलग थानों में दो दर्जन से ज्यादा मामले दर्ज है। दोनों भाइयों के भाठागांव स्थित मकान में छापा मारकर लाखों रुपए कैश के साथ सोने-चांदी के जेवर तथा प्रापर्टी के दस्तावेज जब्त की है। जब्त जेवर तथा नगदी, प्रापर्टी पेपर पुलिस के कब्जे में है।*

# रायपुर ग्रामीण में शिकायतों के लिए अब अलग बिजली उपभोक्ता फोरम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेशभर के बिजली उपभोक्ताओं को होने वाली शिकायतों को लेकर छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी में तो शिकायतें होती ही हैं, लेकिन पॉवर कंपनी में कई बार शिकायतों का निराकरण न होने के कारण इसकी शिकायतें बिजली उपभोक्ता फोरम में भी की जाती हैं। इतने बड़े प्रदेश में अब तक महज तीन जिलों रायपुर, बिलासपुर और जगदलपुर में ही उपभोक्ता फोरम काम कर रहे थे, लेकिन अब उपभोक्ताओं को ज्यादा सुविधा देते हुए दस जिलों में बिजली के उपभोक्ता फोरम बना दिए गए हैं। इनके अध्यक्षों की भी नियुक्ति कर दी गई है। रायपुर में एक के स्थान पर दो फोरम बनाते हुए रायपुर ग्रामीण के लिए अलग फोरम बना दिया गया है। इसके अलावा लोकपाल में अपील करने के लिए नए लोकपाल की भी नियुक्ति की गई है।

*अब प्रदेश के 10 जिलों में बिजली उपभोक्ता फोरम*

प्रदेश में लगातार बिजली के उपभोक्ता बढ़ रहे हैं। इस समय 65 लाख से ज्यादा बिजली उपभोक्ता हो गए हैं। इनकी बिजली बंद होने से लेकर नए कनेक्शन, लो वोल्टेज, लगत बिलिंग के साथ ही कई ▶▶|शेष पेज 13 पर

### अध्यक्षों को जिलों में जाकर शिकायतें सुनने के निर्देश

जो नए उपभोक्ता फोरम बनाए गए हैं और जो पुराने फोरम में उनमें भी अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है। रायपुर शहर में पूर्व अतिरिक्त मुख्य अभियंता एमडी बड़गैया, रायपुर ग्रामीण में अशोक खंडेलवाल को अध्यक्ष बनाया गया है। रायपुर ग्रामीण फोरम में महासमुंद, धमतरी, सरायपाली, पिथौरा के भी उपभोक्ता अपनी शिकायत कर सकेंगे। अन्य फोरम में से दुर्ग में पूर्व मुख्य अभियंता पीवी संजीव, राजनांदगांव में पूर्व अतिरिक्त मुख्य अभियंता एके गौराहा, जगदलपुर में पूर्व अधीक्षण अभियंता पीयूष राम साहू, ▶▶|शेष पेज 13 पर

### जगदगुरु नरेंद्राचार्य के सत्संग कार्यक्रम में 240 ने की धर्म वापसी

# बीमारियों से परेशान होकर बने ईसाई ठीक नहीं होने पर हिंदू धर्म में वापसी





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के दही हांडी मैदान गुढ़ियारी में शनिवार को जगदगुरु महाराज नरेंद्राचार्य के प्रवर्चन कार्यक्रम में 240 लोगों ने अपने मूल हिंदू धर्म में वापसी की। इन सभी लोगों ने हिंदू धर्म को त्यागकर ईसाई धर्म अपना लिया था। इन सभी लोगों ने जगदगुरु महाराज नरेंद्राचार्य के समक्ष इच्छा जाहिर की थी, वे सभी अपने मूल सनातन धर्म में लौटना चाहते थे। सभी की इच्छानुसार जगदगुरु महाराज ने पूजा-पाठ, हवन तथा मंत्रोच्चार कर उनका शुद्धिकरण कर हिंदू धर्म में वापसी कराई। हरिभूमि ने लोगों से बातचीत की। इस बातचीत के दौरान पता चला कि ज्यादातर लोग अपने परिवार के किसी न किसी सदस्य की गंभीर एवं असाधारण बीमारी ठीक नहीं होने से परेशान होकर ईसाई धर्म अपनाया था, लेकिन धर्मांतरण के बाद भी जब बीमारी ठीक नहीं हुई, तो उन्हें धर्म त्यागने की गलती का एहसास हुआ और वे सभी अपना मूल धर्म अपना रहे हैं।

हरिभूमि लाइव

केस- 1

### दादा-दादी ने 12 वर्ष पहले अपनाया था ईसाई धर्म

सत्संग एवं शुद्धिकरण कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ से लगे सीमावर्ती राज्य महाराष्ट्र के गोंदिया जिले के ग्राम घोनाडीह में रहने वाले कई धर्मांतरित परिवार भी पहुंचे थे। इनमें एक परिवार की दो बहनें भी पहुंची थीं, जिनमें एक स्तुती गावतुरे कक्षा 12वीं की छात्रा है, वहीं उसकी छोटी बहन आराधना कक्षा 9वीं की छात्रा है। स्तुती ने बताया कि उसके पैदा होने से पहले उसके दादा-दादी ने क्रिश्चियन धर्म अपनाया था, जिसके कारण उनके माता-पिता को भी यह धर्म अपनाना पड़ा था। यही वजह है कि उन्हें भी मजबूरी में क्रिश्चियन धर्म को मानना पड़ रहा था, लेकिन लगभग चार साल पहले उनके दादा-दादी को सनातन धर्म को त्याग करने की ▶▶|शेष पेज 13 पर

केस- 2

ग्राम केसाल राजनांदगांव निवासी गोविंद मरकाम खेती-किसानी करता है। उसने बताया कि उसकी पत्नी फुनेश्वरी और 3 बच्चे हैं। उसकी पत्नी की तबीयत हमेशा खराब रहती थी, जिससे परेशान होकर परिवार सहित क्रिश्चियन धर्म अपना लिया था। धर्म परिवर्तन करने के सालभर बाद भी जब उसकी पत्नी की तबीयत में सुधार नहीं आया, तो उसने हिंदू धर्म में लौटने का मन बनाया। दंपति ने वापस सनातन धर्म अपनाया है।

केस- 3

ग्राम घोनाडीह जिला गोंदिया निवासी विनायक रामजी भोगरे एवं उसकी पत्नी सुनीता ने भी शुद्धिकरण कराकर सनातन धर्म में वापसी की है। इस दंपति ने बताया कि उसके 12 वर्ष के एक बच्चे को हृदय रोग था, जिससे वे परेशान थे। इस बच्चे की जान बच जाए इस खातिर उन्होंने क्रिश्चियन धर्म अपनाया था, लेकिन उसके बच्चे की जान बच नहीं पाई, बल्कि उसके 22 वर्षीय बड़े लड़के की भी मौत हो गई। इस घटना ने उन्हें एहसास कराया कि सनातन धर्म का त्याग नहीं करना था। यही कारण है कि दोनों ने मूल धर्म में वापसी की है।

केस- 4

ग्राम अकोला पेंदूरी मोहला-मानपुर निवासी ठाकुरराम पिद्दा एवं उसकी पत्नी ने भी हिंदू धर्म में वापसी की। ठाकुरराम ने बताया कि वह खेती-किसानी करता है तथा उसके 3 बच्चे हैं। उसकी पत्नी की तबीयत खराब होने से परेशान होकर उसने क्रिश्चियन धर्म अपना लिया था, लेकिन धर्म त्यागने से उसका परिवार खुश नहीं था।

केस- 5

ग्राम भखारा धमतरी निवासी चुम्मन साहू ने अपनी पत्नी वंदना एवं 8 वर्ष की छोटी बेटी के साथ सनातन धर्म में वापसी की। चुम्मन ने बताया कि करीब 5 वर्ष पहले उसकी अचानक तबीयत खराब हो गई थी। कई अस्पताल बदलने के बाद भी उसकी बीमारी ठीक नहीं ▶▶|शेष पेज 13 पर

### यह रहे शामिल

इस ऐतिहासिक आयोजन में विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए प्रबल प्रताप सिंह जूदेव ने 240 धर्मांतरित बंधुओं के पैर धोकर उन्हें विधिवत सनातन धर्म में वापस करने पर स्वागत किया। सच्चिदानंद उपासने, नीलकंड महाराज, ▶▶|शेष पेज 13 पर

# आंबेडकर अस्पताल में पैकिंग गायब वार्डों में जाकर सीधे परोस रहे खाना

**पहले- हाईजीन के दावों के साथ प्लास्टिक कवर्ड के साथ दी जाती थी खाने की थाली**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- अब- मरीजों के पास सीधे थाली में परोस रहे खाना, गर्म भोजन उपलब्ध कराने का दावा






आंबेडकर अस्पताल में सालों से लागू प्लास्टिक की पन्नी से कवर्ड खाने की थाली परोसने का सिस्टम बदल दिया गया है। गर्म खाना के दावों के साथ मरीजों को वार्डों में जाकर खाना परोसा जा रहा है। पहले पैक्ड थाली परोसने की वजह स्वच्छता को बताया जाता था। खुली थाली में खाना परोसने के दौरान हड़बड़ी से इनके मिक्स होने और खुला रहने की वजह से कुछ देर में खराब होने की शिकायत हो रही है।

आंबेडकर अस्पताल में भर्ती मरीजों को वहां की कैंटीन में बनाया जाने वाला खाना परोसा जाता है। मरीजों की दी जाने वाली थाली की पहले प्रभारी अधिकारियों द्वारा जांच की जाती है। इसके ओके होने के बाद खाना वार्डों में मरीजों को वितरित किया जाता है। पूर्व में रसोई में पैक्ड और प्लास्टिक की पन्नी से कवर्ड थाली मरीजों को दी जाती थी। मरीज अपनी इच्छा के अनुसार किसी भी समय खाना खा लेता था, क्योंकि पैक होने की वजह से वह सुरक्षित रहता था। अब पैकिंग थाली के सिस्टम में बदलाव किया गया है। कैंटीन से निकलने वाले खाने को वार्डों में ले जाकर सीधे मरीजों को परोसा जा रहा है। इस दौरान की जाने वाली हड़बड़ी की वजह से दाल, चावल और सब्जी के मिक्स होने और थाली परोसने के बाद तत्काल इसे खाने की मजबूरी हो गई है। खुली थाली में खाना परोसने पर कुछ वार्डों के मरीजों ने आपत्ति कर इसकी सूचना जिम्मेदारों को दी है। इस मामले में अस्पताल प्रबंधन का तर्क है कि पैक्ड थाली में खाना ठंडा हो जाता था। इस सिस्टम से मरीजों को थाली में गर्म खाना मिल रहा है।

### आईसीयू में पैकिंग वाली थाली

*सामान्य वार्डों में मरीजों को खुली थाली में खाना परोसा जा रहा है, मगर आईसीयू में पैक्ड थाली का सिस्टम लागू है। यहां मरीजों की स्थिति को ध्यान में रखते हुए उन्हें निर्धारित मेन्यू के आधार पर खाना दिया जा रहा है। आंबेडकर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती मरीजों की समस्या के आधार पर उन्हें अलग-अलग दिन के हिसाब से खाना सर्व किया जाता है।*

### गर्म खाना मिल सके

*मरीजों को गर्म भोजन मिल सके, इसके लिए उनके सामने थाली में खाना परोसने का सिस्टम बनाया गया है। आईसीयू में ही खाना पैक कर मरीजों को दिया जा रहा है। मरीजों के खाने में स्वच्छता का पूरा ध्यान रखा जा रहा है।*

*- डा. संतोष सोनकर, चिकित्सा अधीक्षक, आंबेडकर अस्पताल*

# शहर में दो डिग्री लुढ़का पारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य में ठंडी हवा का असर होने लगा है। उत्तरी सीमा के कुछ क्षेत्रों में तापमान में खासी गिरावट के बाद शीतलहर चलने की संभावना है। इधर पिछले चौबीस घंटे में शहर के न्यूनतम तापमान में दो डिग्री की कमी आई है। अगले दो से तीन दिन तक शहर में ठंड बढ़ने की संभावना बनी हुई है। पिछले चौबीस घंटे में राज्य में सबसे कम तापमान 11 डिग्री के करीब अंबिकापुर का दर्ज किया गया।

नवंबर के दूसरे सप्ताह में राज्य में ठंड की शुरुआत हो चुकी है। इस बार उत्तर-पूर्व से आने वाली शुष्क हवा के असर से ▶▶|शेष पेज 13 पर

## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411


# तेलंगाना पर 18 सौ करोड़ बकाया, अब नियामक आयोग में होगा फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी का तेलंगाना पॉवर कंपनी हर प्रयास के बाद भी बकाया 18 सौ करोड़ देने तैयार नहीं है। ऐसे में अंत में छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी को हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ा, लेकिन हाईकोर्ट ने इस मामले में सुनवाई से इनकार करते हुए इस मामले को छत्तीसगढ़ राज्य बिजली नियामक आयोग में लगाने के लिए कहा। ऐसे में छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने इस मामले की याचिका आयोग में लगाई है। इस मामले में एक सुनवाई आयोग में हो चुकी है। तेलंगाना के समय मांगने पर उसे समय दिया गया है। अब इस मामले की सुनवाई दिसंबर और जनवरी में होगी। मामला सुलझाने के लिए दोनों कंपनियों को अपने-अपने आर्बिटेटर नियुक्त करने हैं। इसके लिए प्रदेश की पॉवर कंपनी तो तैयार है, लेकिन अब तक तेलंगाना ने इस पर सहमति नहीं दी है।

तेलंगाना पर पॉवर कंपनी का 36 सौ करोड़ बकाया है, इसमें से तेलंगाना ने 21 सौ करोड़ का ही बकाया माना है। इसको किस्तों में दिया जा रहा है। अब पॉवर कंपनी ने तेलंगाना को बिजली देना भी बंद कर दिया है। छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने जब मड़वा में 500 मेगावाट के दो संयंत्र लगाए थे तो इनके प्रारंभ होने के पहले ही प्रदेश सरकार ने तेलंगाना को इस संयंत्र की पूरी बिजली देने का अनुबंध कर लिया था। जब ये संयंत्र प्रारंभ हुए तो इसकी पूरी बिजली तेलंगाना को देना प्रारंभ किया गया। तेलंगाना को बिजली तो पूरी दी जा रही थी, लेकिन वहां से भुगतान पूरा नहीं आ रहा था। बाद में इसकी तरफ पॉवर कंपनी के अधिकारियों ने ध्यान देना प्रारंभ किया तो यह बकाया 36 सौ करोड़ तक पहुंच गया था।

### तेलंगाना ने मांगा समय, अब सुनवाई दिसंबर-जनवरी में



### 36 सौ करोड़ बकाया माना ही नहीं

तेलंगाना पर 36 सौ करोड़ के बकाया को लेकर ही कई सालों से विवाद चल रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी का कहना है कि बकाया 36 सौ करोड़ है, पर तेलंगाना इतना बकाया मानने कभी तैयार ही नहीं हुआ। जब पॉवर कंपनी के चेयरमैन शैलेंद्र कुमार शुक्ला बने थे, तब वे तेलंगाना भी गए। लेकिन मामला नहीं सुलझा। दो बार वहां और यहां की कंपनी के अधिकारी सामने-सामने भी बैठे और एक-एक बिल का हिसाब किया। वहां के अधिकारियों ने इसकी पूरी रिपोर्ट भी अपनी कंपनी को दी, लेकिन तेलंगाना 36 सौ करोड़ का बकाया मानने तैयार ही नहीं है।

### 15 सौ करोड़ से बकाया हो गया 18 सौ करोड़

तेलंगाना ने पहले 15 सौ करोड़ का ही बकाया माना था। इसके बाद उसने छह सौ करोड़ का बकाया और माना। ऐसे में कुल 21 सौ करोड़ का बकाया तेलंगाना ने माना है। इसकी राशि बरसों से किस्तों में मिल रही है। अब तक 15 सौ करोड़ किस्तों में मिल चुके हैं। अब भी छह सौ करोड़ का बकाया है। इसी के साथ 36 सौ करोड़ में से जो 15 सौ करोड़ का बकाया नहीं माना गया था, उस पर सरचार्ज मिलाकर 18 सौ करोड़ हो गया है। केंद्र सरकार के ऊर्जा मंत्रालय में कई बार शिकायत की गई, लेकिन इसका भी फायदा नहीं होने पर अब बकाया वसूली के लिए छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने बिलासपुर हाईकोर्ट में याचिका लगाई तो हाईकोर्ट से मामले को सुलझाने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य बिजली नियामक आयोग जाने की सलाह दी। इसी सलाह पर अब आयोग में याचिका लगी है।

## खबर संक्षेप



### 14 को कैबिनेट, राष्ट्रपति के आगमन सहित कई मुद्दों पर चर्चा

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 14 नवंबर को कैबिनेट की बैठक बुलाई है। बैठक में राष्ट्रपति के आगमन, धान खरीदी की तैयारियां और कुछ अहम मुद्दों पर चर्चा हो सकती है। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में होने वाली यह बैठक मंत्रालय में 11.30 बजे से होगी। मुख्य सचिव विकासशील ने सभी एसीएस प्रमुख सचिव, सचिवों से कैबिनेट से मंजूरी के लिए आवश्यक प्रस्ताव 11 नवंबर तक भेजने के निर्देश जारी किए हैं। बैठक में 20 नवंबर को अंबिकापुर में जनजातीय गौरव दिवस पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के आगमन की सूचना कैबिनेट को देते हुए तैयारियों की समीक्षा की जाएगी। साथ ही 15 नवंबर से शुरू होने वाली धान खरीदी की अब तक की गई तैयारी पर चर्चा होगी इसी दिन मंत्रिमंडलीय उप समिति की बैठक रखी गई है। बैठक में धान खरीदी शुरू करने के पूर्व सहकारी बैंक कर्मियों और संविदा कंप्यूटर ऑपरेटरों की हड़ताल के मामले में चर्चा कर हल निकालने का प्रयास होगा। बताया गया कि बैक कर्मियों ने किण्डो समिति की रिपोर्ट लागू करने की मांग की है। वहीं संविदा कर्मी अपने नियमितीकरण और आउट सोर्सिंग का विरोध कर रहे हैं।

### जिला, प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस प्रवक्ता बनाने नेशनल टैलेंट हंट

**रायपुर।** कांग्रेस पार्टी पूरे देश में नेशनल टैलेंट हंट कार्यक्रम आयोजित कर रही है। टैलेंट हंट के द्वारा प्रतिभाओं का चयन कर पार्टी जिला, प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर प्रवक्ता बनने का अवसर दिया जायेगा। कांग्रेस पूरे देश में कांग्रेस पार्टी नेशनल टैलेंट हंट कार्यक्रम आयोजित कर रही है। इसके माध्यम से पार्टी देश के युवाओं को जो कांग्रेस की रीति नीति विचारधारा में भरोसा रखते हैं उनको मंच प्रदान करेगी। उनमें क्षमता होगी तो जिले से लेकर प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर प्रवक्ता बनने का मौका मिलेगा। छत्तीसगढ़ में भी हम प्रतिभाशाली युवाओं से आवेदन करने के लिए आमंत्रित करते हैं, 21 नवंबर तक ऑन लाइन आवेदन कर के कोई भी युवा इस अवसर का लाभ ले सकता है। प्रदेश कांग्रेस विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने बताया कि इसका लिंक और स्कैनर भी जारी किया गया।

अधिकारियों ने कहा- ज्यादातर घाट में अभी भी पानी भरा

# रेत घाट खुलने के एक माह बाद भी बढ़ी कीमत में राहत नहीं, 18-20 हजार हाईवा तक बिक रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

रेत घाटों पर उत्खनन पर लगा प्रतिबंध हटे एक माह बीत जा चुका है। इसके बाद रेत की कीमत में ज्यादा गिरावट नहीं आई है। चिल्हर रेत कारोबारियों के अनुसार बारीक रेत की कीमत अभी भी 18 से 20 रुपए फीट है। इस तरह एक हजार फीट हाईवा रेत 18 से 20 हजार रुपए में बिक रही है। मीडियम रेत की कीमत भी 15 से 17 हजार रुपए हाईवा है। इधर खनिज विभाग के अधिकारियों का कहना है कि घाटों को खुले जरूर कई दिन हो गए हैं, लेकिन ज्यादातर घाट में अभी भी पानी भरा हुआ है, इसलिए उत्खनन का काम शुरू नहीं हो पाया है। हालांकि उनका यह भी कहना है कि अधिक कीमत पर रेत बेचने पर कार्रवाई का प्रावधान है, लेकिन इस संबंध में किसी प्रकार की शिकायत नहीं आई है।



### अवैध रूप से चल रही कई वैध खदानें

विभागीय सूत्रों के अनुसार रायपुर जिले में 2023 में 13 रेत घाटों की नीलामी की गई थी। इनमें से 8 रेत घाटों को ही राज्य पर्यावरण विभाग से एनओसी मिल पाई थी। शेष 5 घाटों को पर्यावरण विभाग से एनओसी नहीं मिल पाई थी। ये घाट दो साल की अवधि के लिए ठेके पर दिए गए थे, लेकिन इनमें से 5 घाटों पर बगैर पर्यावरण विभाग की एनओसी के ही उत्खनन का काम चलता रहा। इधर जिन वैध घाटों की अवधि खत्म हो चुकी है, उन घाटों की अवधि एक वर्ष के लिए विभाग ने कागजों में बढ़ा दी है। इसकी पुष्टि विभाग के अधिकारी भी कर चुके हैं, लेकिन इस कागजी कार्यवाही में नियमों का पालन हुआ है या नहीं, इसकी विधिवत जानकारी विभाग के अधिकारी भी नहीं दे पा रहे हैं। सूत्रों से यह भी जानकारी मिली है कि जिन घाटों की अवधि एक वर्ष के लिए बढ़ाई गई है, उन घाटों को पर्यावरण विभाग से एनओसी नहीं मिली है। इस तरह वैध होकर भी ये घाट अवैध रूप से चल रहे हैं।

### रेत की कीमत पर अंकुश लगाने में विभाग नाकाम

इधर एक ओर जहां घाटों पर अवैध रूप से रेत का उत्खनन किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर आम लोगों को भी रेत दोगुनी कीमत पर बेची जा रही है। इस पर अंकुश लगाने में विभाग अब तक नाकाम रहा है। सूत्र के अनुसार प्रति हाईवा रेत घाट से बाजार तक पहुंचने में लगभग सात हजार रुपए का खर्च आता है। इसमें उत्खनन, लोडिंग चार्ज, ट्रांसपोर्टिंग चार्ज से लेकर रायल्टी राशि भी जुड़ी हुई है, वहीं बाजार में इसे 16 से 20 हजार रुपए तक बेची जा रही है। इस तरह कारोबारी दोगुनी से भी अधिक कीमत वसूल रहे हैं। बारिश के सीजन में यह रेत 23 से 25 हजार रुपए तक बिकी है। इस तरह रेत के कारोबारी लगातार आम लोगों की जेब पर भी डाका डाल रहे हैं। ताज्जुब की बात यह है कि खनिज विभाग को इसकी जानकारी है, बावजूद इस पर अंकुश लगाने के लिए अब तक कोई प्रयास नहीं किया है, जिसका फायदा कारोबारी उठा रहे हैं।

# 10 नवंबर को गुजरात दौरे पर जाएंगे मुख्यमंत्री साय

## उद्योगपतियों से करेंगे मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



सीएम विष्णु देव साय 10 और 11 नवंबर को गुजरात प्रवास पर रहेंगे। वे अहमदाबाद में होने वाले "छत्तीसगढ़ इनवेस्टर कनेक्ट" कार्यक्रम में शामिल होंगे। जारी दौरा कार्यक्रम के अनुसार 10 नवंबर को सुबह 8.30 माना विमानतल से रवाना होकर 10 बजे अहमदाबाद पहुंचेंगे। वहां गुजरात के मुख्यमंत्री ने मुलाकात करने के बाद इंवेस्टर मीट में शामिल होंगे। इस दौरान वे उद्योगपतियों से वन-टू-वन मुलाकात करेंगे और राज्य में औद्योगिक निवेश की संभावनाओं पर चर्चा करेंगे। मुख्यमंत्री पहले स्टैच्यू ऑफ यूनिटी (नर्मदा जिले) में आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लेंगे। दोपहर 12 बजे नामटेक ग्लोबल स्कील कॉलेज गांधीनगर जाएंगे। यहां से साबरमती रिवर फ्रंट हेलीपेड से हेलीकाप्टर से केवडिया में सर्किट हाउस में रात्रि विश्राम करेंगे। उसके बाद अगले दिन 11 नवंबर को अहमदाबाद में निवेशकों से संवाद करेंगे। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में यह आयोजन निवेशकों के लिए छत्तीसगढ़ की नई औद्योगिक नीति, इंफ्रास्ट्रक्चर सुधार और संभावित साझेदारी के अवसरों को समझने का सुनहरा मौका साबित होगा। छत्तीसगढ़ सरकार का उद्देश्य इस पहल के माध्यम से राज्य को निवेश और औद्योगिक विकास का केंद्र बनाना है। 11 नवंबर को वे इंवेस्टर मीट में शामिल होने के बाद शाम 7.30 बजे अहमादाबाद से रवाना होकर 9.20 बजे रायपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे।

■ दो दिवसीय छत्तीसगढ़ इनवेस्टर कनेक्ट में होंगे शामिल

# एसआईआर पर भाजपा की दो मंडलों में कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




रायपुर पश्चिम विधानसभा में शनिवार को भाजपा ने मतदाता गहन पुनरीक्षण कार्यशाला का आयोजन गुढ़ियारी और तात्यापारा मंडल में किया। इसमें बूथ स्तर के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बीएलओ बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। गुढियारी मंडल की कार्यशाला में भाजपा के प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। वहीं तात्यापारा मंडल में रायपुर पश्चिम के विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेश मूणत ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रशिक्षण दिया।

प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन ने कहा, यह अभियान लोकतंत्र को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने क्षेत्र में बीएलओ के साथ मिलकर काम करना चाहिए ताकि हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में जुड़ सके। जहां बीएलओ नहीं पहुंच पा रहे हैं, वहां भाजपा कार्यकर्ता स्वयं पहल करें। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा, वे आम नागरिकों को फॉर्म-6 (नए मतदाता जोड़ने हेतु), फॉर्म-7 (संशोधन हेतु) और फॉर्म-8 (पता परिवर्तन हेतु) की प्रक्रिया की जानकारी दें, ताकि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रह जाए। रायपुर पश्चिम के विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेश मूणत ने कहा, कांग्रेस एसआईआर को लेकर जनता के बीच गलत संदेश फैला रही है, जबकि यह अभियान मतदाता सूची को शुद्ध और पारदर्शी बनाने के लिए है। भाजपा कार्यकर्ताओं की भूमिका इस प्रक्रिया में निर्णायक है। हमें यह सुनिश्चित करना है कि कोई फर्जी मतदाता सूची में न रहे और कोई पात्र नागरिक छूटे नहीं।




बेमेतरा संभाग के कार्यपालन अभियंता चंदेल ने दी जानकारी

# मुख्यमंत्री-डिप्टी सीएम के नाम पर पीडब्ल्यूडी ने नहीं किया निजी कार्यक्रम का भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

उप मुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण मंत्री अरुण साव के परिवार के निजी कार्यक्रम का भुगतान लोक निर्माण विभाग द्वारा किये जाने को लेकर सियासत तेज हो गई है। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि मुख्यमंत्री के दौरे के नाम पर उप मुख्यमंत्री के भांजे की तेरहवीं कार्यक्रम में सरकारी धन के उपयोग की खबरें भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार का अनूठा नमूना है।

इस मामले में लोक निर्माण विभाग के बेमेतरा संभाग के कार्यपालन अभियंता डीके चंदेल ने जानकारी दी है कि उप मुख्यमंत्री अरुण साव या किसी भी निजी कार्यक्रम का कोई भुगतान नहीं किया गया है। लोक निर्माण विभाग के बेमेतरा संभाग के कार्यपालन अभियंता डीके चंदेल ने कहा, उप मुख्यमंत्री अरुण साव या किसी भी निजी कार्यक्रम का कोई भुगतान नहीं किया गया है। उन्होंने बताया कि लोक निर्माण विभाग के बेमेतरा संभाग के अंतर्गत व्हीआईपी कार्यक्रमों में लगाए गए टेंट-पंडाल से संबंधित किये गये भुगतान की जानकारी सूचना का अधिकार के माध्यम से बेमेतरा संभाग में 18 जून को गुरुनानक टेंट हाऊस एवं केटरर्स, गुरुदेव टेंट हाउस एवं केटरर्स, खालसा टेंट केटरिंग एवं लाइट को 3.97 करोड़ रुपए के बिल व्हाउचर सहित मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के प्रोटोकॉल एवं कलेक्टर के आदेश की प्रति कार्यपालन अभियंता ने 28 अगस्त को जानकारी प्रदान की है। विभाग द्वारा प्रदान की गई जानकारी में ऐसे किसी भी बिल का कोई उल्लेख नहीं है और विभाग का ऐसे किसी भी बिल से कोई संबंध नहीं है।

### निजी कार्यक्रम में लाखों खर्च

मुख्यमंत्री के दौरे के नाम पर उप मुख्यमंत्री के भांजे की तेरहवीं कार्यक्रम में सरकारी धन का उपयोग की खबरें भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार का अनूठा नमूना है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, उप मुख्यमंत्री अरुण साव के भांजे की तेरहवीं कार्यक्रम में 97 लाख रुपए पीडब्ल्यूडी द्वारा भुगतान किया गया। भुगतान का मद मुख्यमंत्री का कार्यक्रम बताया गया, यह विषय बेहद ही गंभीर है। उन्होंने कहा, भाजपा सरकार के पास सड़कें बनाने के लिए, सड़कों की मरम्मत के लिए पैसे नहीं हैं, लेकिन निजी तेरहवीं कार्यक्रम में खर्च करने के लिए सरकार के पास पैसे हैं। उन्होने कहा, इस विषय में पीडब्ल्यूडी के बेमेतरा संभाग का स्पष्टीकरण भी लीपापोती है।

## खबर संक्षेप

### बजरंगदास स्कूल के छात्र राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में करेंगे प्रतिनिधित्व



**अभनपुर।** श्री बजरंगदास शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अभनपुर के छात्र-छात्राएं 12 से 15 नवम्बर तक जशपुर में आयोजित राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी एवं पश्चिम विज्ञान मेले में रायपुर संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगे। विगत दिनों आयोजित जोन स्तरीय प्रतियोगिता में कक्षा 12वीं की छात्रा भवानी सिन्हा ने केले के छिलके से प्लास्टिक निर्माण कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है, जबकि कक्षा 11वीं के केशव विश्वकर्मा एवं विनोद धीवर ने फुट इलेक्ट्रिसिटी जनरेटर मॉडल बनाकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इन विद्यार्थियों ने व्याख्याता श्रीमती शशि किरण साहू के मार्गदर्शन में मॉडल तैयार किए। उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी धनेश्वरी साहू, राकेश साहू, ईला सेंगर, भारती शिंदे, गुनीता साहू, निर्मिता, चौरसिया सुलेखा गोस्वामी सहित विद्यालय परिवार ने बधाई दी और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

### जोता के सरपंच ने बैकुंठ में कराया न्योता भोज



**तिल्दा नेवरा।** तिल्दा के समीपस्थ ग्राम पंचायत जोता में सरंच देवेंद्र वर्मा ने अपने पुत्र शिवाय सिंह वर्मा के जन्मदिन पर शासकीय प्राथमिक विद्यालय में नेवता भोज करवाया,साथ ही बच्चों को कॉपी पेन का वितरण भी किया गया। नेवता भोज में विभिन्न पकवान खिलवाया गया। इस अवसर पर सरपंच देवेंद्र वर्मा, सचिव सोहन वर्मा, कोतवाल रतनू दास, प्रधान पाठक विशाल खंडेल, शिक्षिका भारती, बूथ अध्यक्ष देवेंद्र वर्मा, गजानंद साहू, पटवारी आदि उपस्थित हुए। इसी तरह से पूर्व जनपद सदस्य तुलसी गौतम द्वारा अपनी माता जी स्व रत्ना गौतम के प्रथम पुण्यतिथि पर प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला बैकुंठ में नेवता भोज कराया गया। इस अवसर पर स्कूल के प्रधान पाठक राकेश वर्मा, वार्ड पंच नमिता गौतम समस्त शिक्षकगण पूर्व पंच निर्मला राव आदि उपस्थित हुए।

### दंडोतिया का कृषि विस्तार अधिकारी पद पर पदोन्नत



**तिल्दा नेवरा।** शनिवार को जारी सूची अनुसार कृषि विभाग में कई लोगों का प्रमोशन हुआ है जिसमें तिल्दा नेवरा से एन एस दंडोतिया भी शामिल है।वे तिल्दा नेवरा कृषि विभाग में ही पदस्थ रहेंगे।

# 'वंदे मातरम्' के उपलक्ष्य पर छात्रों को कराया शैक्षिक भ्रमण और दिया न्योता भोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

शासकीय प्रायमरी शाला सदर रोड आरंग ने वंदे मातरम एवं वीरगाथाकाल के उपलक्ष्य में बच्चों के लिए एक यादगार शैक्षिक भ्रमण और न्योता भोज का आयोजन किया। इस अवसर पर विद्यालय के 45 बच्चों और समस्त स्टाफ ने आरंग के ऐतिहासिक प्रसिद्ध पंचमुखी महादेव मंदिर परिसर में यह उत्सव मनाया। शैक्षिक भ्रमण के दौरान, शिक्षकों ने बच्चों को पंचमुखी महादेव मंदिर जैसे ऐतिहासिक स्थल का महत्व विस्तार से समझाया, जिससे विद्यार्थियों को अपनी सांस्कृतिक विरासत और इतिहास से जुड़ने का मौका मिला। बच्चों में देशभक्ति और राष्ट्रीय चेतना का संचार करने के लिए इस दौरान राष्ट्रीय नारे बुलंद किए गए। वंदे मातरम और वीरगाथाकाल की भावना से ओत-प्रोत इस कार्यक्रम ने बच्चों के मन में उत्साह और गर्व का भाव जगाया।

**छात्र-छात्राओं देशभक्ति और राष्ट्रीय चेतना का हुआ संचार**



### खीर, पूरी, भजिया और फल बांटे

मंदिर परिसर में आयोजित न्योता भोज में बच्चों और स्टाफ ने अतिरिक पोषण आहार खीर, पूड़ी, भजिया और फल का भरपूर आनंद लिया। यह सामूहिक भोज बच्चों के लिए विशेष खुशी का पल रहा, जिससे उनमें प्रसन्नता का भाव स्पष्ट रूप से देखा गया। यह आयोजन न केवल एक शैक्षणिक पहल थी, बल्कि इसने बच्चों को एकता, संस्कृति और राष्ट्रीय मूल्यों के प्रति जागरूक करने का भी काम किया। इस अवसर पर संस्था प्रमुख जया वर्मा, शिक्षक गण केसरी ढीढी, पवन कुमार साहू, रोशनी प्रधान, प्रधान पाठक गुखेरा अरविंद वैष्णव, मध्यान समूह लक्ष्मी सोनकर, पूर्णिमा साहू, हेमलता देवांगन सफाई कर्मी शांति बाई साहू आदि की उपस्थिति रही।

**कार्रवाई : चोरी, वसूली और मारपीट करने वाले असामाजिकतत्वों पर कार्रवाई से मिली राहत**

# 14 आदतन अपराधियों का जुलूस निकाला और पुलिस ने की प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसीवां/सिलयारी

- पुलिस की चेतावनी- अराजकता फैलाने वालों पर की जाएगी सख्त कार्रवाई

औद्योगिक क्षेत्र ग्राम सांकरा में गांव के ही आदतन अपराधियों द्वारा चोरी लुटपाट अवैध मादक पदार्थों की बिक्री करने वाले दर्जन भर से ज्यादा अपराधियों का जुलूस निकाल कारावाही कर जेल भेजा गया कुछ दिन पूर्व दुकानदारों का शटर तोड़कर समान चोरी करने वाले शराब के लिए पैसे मांगने धमकाने वाले अपराधियों को रात्रि कालीन खोजबीन कर सिंघम स्टाईल में सुबह से शाम तक धर-पकड़ जारी रहा वहीं गांव में मादक पदार्थों की बिक्री करने वाले लोगों को भी पकड़कर कारावाही किया गया है साथ ही साथ शांति व्यवस्था बाधित करने वाले पर भी कारावाही किया गया आपको बता दें कि चौकी सिलतरा पुलिस द्वारा चलाया गया विशेष धर-पकड़ अभियान में कुल 14 आरोपियों को गिरफ्तार कर चौकी सिलतरा क्षेत्रांतर्गत ग्राम सांकरा के बाजार चौक में निकाला गया उनका जुलूस कार्यवाही के तहत चोरी के प्रकरण में संलिप्त तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया वही शराब पीने हेतु पैसे मांग करने तथा मारपीट करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया गांव में ही अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर, उनसे 144 पौवा शराब किया गया साथ ही शांति व्यवस्था बाधित करने वाले 07 आरोपियों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही गयी उमनी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेद सिंह द्वारा असामाजिक तत्वों एवं अवैध कार्यों में लिप्त आरोपियों की धरपकड़ हेतु निर्देशित किया गया था।





जिसके परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर लखन पटले तथा नगर पुलिस अधीक्षक उरला पूर्णिमा लामा के मार्गदर्शन तथा चौकी प्रभारी सिलतरा उपनिरीक्षक राजेंद्र कंवर के नेतृत्व मे सिलतरा पुलिस टीम के द्वारा विशेष अभियान चलाकर थाना धरसीवा चौकी सिलतरा क्षेत्रांतर्गत चोरी की 02 अलग-अलग घटना को अंजाम देने वाले आरोपी जितेन्द्र सयतोड़े नवीन कुर्रे एवं आरोपी रमेश देवांगन को चोरी की समान के साथ गिरफ्तार किया गया है जिनके विरुद्ध थाना धरसीवा में अपराधिक प्रकरण क्र 556/25 धारा 331(4), 305(a) बी एन एस तथा अ.प. क्र 561/25 धारा 303(2), 306 बी एन एस का अपराध पंजीबद्ध किया गया वही शराब पीने हेतु पैसे की माँग करने तथा मारपीट करने वाले आरोपी वीरेंद्र मनहर को भी गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध थाना धरसीवा में अपराधिक प्रकरण क्र 513/25 धारा 119(1), 296 बी एन एस का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया अभियान कार्यवाही के तहत टीम के सदस्यों द्वारा गांव में अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले तीन आरोपी राम सिंह, योगेश बागड़े तथा जीवराखन लाल मिरी को गिरफ्तार कर उनसे 144 पौवा देशी शराब जप्त कर उनके विरुद्ध थाना धरसीवा में अपराधिक प्रकरण क्र 564/25, 565/25 तथा 566/25 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।साथ ही शांति व्यवस्था बाधित करने वाले 07 आरोपी- अर्जुन कुर्रे, सुनील नौरंगे, कमलेश बंजारे, शीतल कुर्रे, श्याम बागडे, फिरोज बारले तथा कुलदीप सिंह के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्यवाही की गई है।

# तुलसी बाराडेरा में पंचिंग के बाद भी हितग्राहियों को नहीं मिल रहा राशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंदिर हसौद




- 1500 राशन कार्डधारी पर दस दिन ही खुलती है राशन दुकान

राजधानी रायपुर के पास स्थित ग्राम पंचायत तुलसी 2 जो धरसीवां विधानसभा के अंतर्गत स्थित जहां उचित मूल्य की दुकान के संचालक द्वारा राशन वितरण में अनियमित और गड़बड़ी किया जाने की आरोप पूर्व सरपंच नेमीचंद धीवर और ग्रामीणों ने लगाया जहां ग्रामीणों ने बताया की दुकान संचालक व उसके कर्मचारियों द्वारा राशन कार्ड को जमा किया हुआ है। और पंचिंग होने के बाद भी राशन नहीं दिया गया । वही ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि राशन दुकान महीने में 10 से 12 दिन ही खुलता है। जहां ग्राम तुलसी में 1500 राशन कार्ड है। जो की 10 दिन में राशन बाट पाना संभव नहीं है। जहां वही हितग्राहियों को अपना पूरे दिन का मजदूरी छोड़कर राशन दुकान पर लाइन लगाना पड़ता है, वही कभी अगर किसी महीना राशन राशन लेने से चुके तो आपको राशन नहीं दिया जाता । जिसके कारण कई हितग्राहियों को 3 - 3 माह का राशन ही नहीं दिया गया। जिसकी शिकायत टोल फ्री नंबर पर कई बार किया गया। लेकिन कोई कार्यवाही नही किया गया । शासकीय उचित मूल्य की राशन दुकान में कोई बोर्ड नही जहां दुकान संचालक का नाम विभाग का शिकायत नंबर आदि लिखा रहता जो तुलसी गांव की राशन दुकान से लापता है।

### सतनामी समाज का परिचय सम्मेलन आज

**अभनपुर।** सतनामी समाज परिक्षेत्र अभनपुर के तत्वाधान में प्रदेश स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन भक्तिन कुटी सतनाम भवन चंडी मोड़ में 9 नवम्बर रविवार को आयोजित किया गया है। जिसमें मुख्य अतिथि विधायक इंद्रकुमार साहू, अध्यक्षता चंनद्रिका बंजारे जितेन्द्र बंजारे व विशिष्ट अतिथि पालिका अध्यक्ष उत्रसेन गहिरवारे सहित समाज के अनेक गणमान्य एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के आयोजक सतनामी समाज तहसील परिक्षेत्र अभनपुर अध्यक्ष राधाकृष्ण टंडन ने समाज के लोगों से इस युवक- युवती परिचय सम्मेलन मे भाग लेकर उद्देश्य का लाभ लेने की अपील की है।

### ड्राइवरों के लिए निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन



**तिल्दा नेवरा।** तिल्दा के समीपस्थ ग्राम पंचायत बरतोरी स्थित कीर्ति ऑटोमोबाइल्स में आज निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया है। यह नेत्र शिविर खास तौर पर ड्राइवरों के लिए आयोजित किया गया है जिसमें बड़ी संख्या में ड्राइवर उपस्थित हैं और अपने आंखों की जांच करवा रहे हैं, कीर्ति ऑटोमोबाइल्स के संचालक सुनील अग्रवाल एवं यशराज अग्रवाल ने बताया की दिन प्रतिदिन सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि हो रही है और प्रायः यह आंखों की वजह से होती है जिसके चलते विशेष तौर पर ड्राइवर के लिए आज उनके द्वारा निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया जिसमें ड्राइवर के आंखों की जांच कर उन्हें निशुल्क चश्मा दवाई दिया जा रहा है साथ ही भोजन की व्यवस्था भी की गई है, बड़ी संख्या में ड्राइवर उपस्थित हैं और अपनी आंखों की जांच करवा रहे हैं। शनिवार दोपहर 3:00 बजे डॉक्टरों की टीम आंखों की जांच कर रहे हैं।

# बैगलेस डे पर भानसोज स्कूल के विद्यार्थियों ने दिखाया हुनर



**आरंग।** पीएम श्री स्कूल भानसोज में शनिवार को बैगलेस डे कार्यक्रम उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। इस विशेष दिवस पर विद्यार्थियों ने बस्ता-मुक्त होकर शिक्षा का आनंद विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से लिया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने खेल, योग, नृत्य, चित्रकला, हस्तकला, कहानी सुनाना तथा स्थानीय कला एवं संस्कृति परिचय जैसी रंगारंग गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विद्यालय परिसर पूरे दिन हंसी, उत्साह और सृजनशीलता से गूंजता रहा। प्रधानाध्यापक ने बताया कि बैगलेस डे का उद्देश्य शिक्षा को बोझरहित और आनंदमय बनाना है, ताकि बच्चे अनुभव के माध्यम से सीखने की प्रक्रिया को समझ सकें। उन्होंने कहा कि इस पहल से विद्यार्थियों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास और व्यवहारिक समझ का विकास होता है। इस अवसर पर जनजातीय पखवाड़ा के अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सामाजिक संदेश से युक्त नाटक को उपस्थित जनसमूह ने खूब सराहा। कार्यक्रम में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में एसएमसी अध्यक्ष उमेश कुमार धीवर, सरपंच जगमोहन बघेल, उपसरपंच संजीव कुमार चंद्राकर, ग्रामवासी एवं विद्यालय परिवार की सक्रिय उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अंत में शिक्षकों ने विद्यार्थियों को जीवन में सृजनशील सोच और आत्मविश्वास बनाए रखने की प्रेरणा दी। पूरे दिन विद्यालय का वातावरण सीखने, खेलने और आनंद से सराबोर रहा।

## पेज 11 के शेष...

### नाम का नगर ....

हीरापुर से अटारी नंदनवन मार्ग की हालत खस्ता, आसपास एजूकेशन हब - नगर निगम जोन 8 के वीर सावरकर नगर वार्ड में हीरापुर, अटारी, जरवाय गांव शामिल है। नगर निगम में इन गांवों को शामिल हुए दशक भर से ज्यादा हो गए। इसके बाद भी हीरापुर से अटारी होते हुए नंदनवन जाने का मार्ग बेहद खराब है। गांव वाले सुबह से लेकर देर शाम तक इसी मार्ग से आना-जाना करते हैं। यही नहीं, इसके आसपास का एरिया एजूकेशन हब के रूप में विकसित होने से इस मार्ग पर ट्रैफिक का दबाव ज्यादा है। यदि इस मार्ग की सड़क का चौड़ीकरण कर डिवाइडर बना दिया जाए, तो इससे आवागमन में आसानी होनी। यही मार्ग साइंस कालेज, रूंगटा कालेज सहित अन्य शैक्षणिक संस्थान आने-जाने का भी है। नगर निगम से सड़क चौड़ीकरण की मांग वार्डवासी एक अरसे से कर रहे हैं। पार्षद संदीप साहू का कहना है, पूर्व में भी उन्होंने सड़क मरम्मत का प्रस्ताव दिया था। अभी वार्ड एक्शन प्लान में भी प्रस्ताव बनाकर ले गए हैं, पर काम अब तक शुरू नहीं हुआ।

### पाइप डालने उधेड़ दी ....

कालोनी वासी भुगत रहे हैं। वार्ड पार्षद एवं जोन 9 अध्यक्ष गोपेश साहू ने बताया, पूरी सड़क रिपेयर के लायक है। कचना-आमासिवनी की सड़क मरम्मत और निर्माण के लिए उन्होंने 4.5 करोड़ का प्रस्ताव बनाकर भेजा है।

### रायपुर ग्रामीण में .....

तरह की शिकायतें होती हैं। आमतौर पर उपभोक्ता किसी भी तरह की शिकायत करने का काम छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी के दफ्तरों में ही करते हैं, लेकिन इनकी समस्या का निराकरण जब पॉवर कंपनी में नहीं होता है तो उपभोक्ता फोरम की शरण में भी जाते हैं। अब तक प्रदेश के पांच संभागों में से महज तीन संभागों में भी उपभोक्ता फोरम होने के कारण उपभोक्ताओं को फोरम में शिकायत के लिए परेशानी होती रही है। इसको देखते हुए अब सात नए फोरम बना दिए गए हैं। **लोकपाल की भी नियुक्तिः** उपभोक्ताओं की शिकायतों का निराकरण पॉवर कंपनी में न होने पर जब वे उपभोक्ता फोरम जाते हैं उससे अगर उपभोक्ता संतुष्ट नहीं होते हैं तो वे लोकपाल में अपील कर सकते हैं। पूर्व न्यायाधीश सुरेश कुमार सोनी को नया लोकपाल बनाया गया है।

### अध्यक्षों को जिलों में जाकर ....

अंबिकापुर में पूर्व अधीक्षण अभियंता डीके सैनी, रायगढ़ में एक पूर्व आईपीएस श्री गोयल, बिलासपुर में पूर्व अभियंता सीएस वाजपेयी, भिलाई टाउनशिप में अनिल चौहान और जिंदल स्टील के लिए श्री नंदनवार को अध्यक्ष बनाया गया है। सभी अध्यक्षों को बिजली नियामक आयोग ने हर माह जिलों में जाकर शिकायतें सुनने के निर्देश भी दिए हैं। ज्यादातर अध्यक्षों के परभार भी संभाल लिया है।

### दादा-दादी ने 12 ....

गलती का एहसास हुआ और उन्होंने वापस हिंदू धर्म को अपनाया। उनके बाद उनके माता-पिता ने भी करीब सालभर पहले मूल धर्म में वापसी की। उनके बाद अब दोनों बहनें भी सामूहिक हिंदू धर्म को अपनाने के लिए आयोजित शुद्धिकरण कार्यक्रम में शामिल हुई हैं। उन्होंने बताया कि जब से उसने होश संभाला है, तब से उसे पता है कि उनका परिवार हिंदू है, इसलिए वह और उसकी बहन सनातन धर्म को ही मानती आ रही हैं।

### बीमारियों से परेशान ....केस-4

हो पाई। इससे परेशान होकर उसने धर्म परिवर्तन किया था, लेकिन उसकी बीमारी जस की तस है, इसलिए अब उसने पुनः अपने मूल सनातन धर्म को अपनाया है।

### यह रहे शामिल ....

संत युधिष्ठिर लाल जी , स्वामी राजेश्वरानंद,महंत देवादास नारायण मंदिर रायपुर और आलोक श्रीवास्तव मौजूद थे।

### शहर में दो ....

तापमान में गिरावट होने लगा है। इसके साथ वातावरण में मौजूद नमी में हुई गिरावट से मौसम रूखा होने लगा है। हवा की दिशा में बदलाव होने की वजह से न्यूनतम तापमान में आने वाली कमी से पिछले दो तीन दिन से बढ़ती ठंड महसूस हो रही है। पिछले चौबीस घंटे में तो राज्य के न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री की कमी आई है। अंबिकापुर का पारा जो 13 डिग्री से अधिक था वह गिरकर 11 डिग्री से नीचे चला गया। रायपुर का न्यूनतम तापमान 20 से 18 डिग्री के करीब पहुंचा गया। मौसम विभाग ने तापमान में आ रही गिरावट को ध्यान में रखते हुए अगले दो से तीन दिनों में राज्य की उत्तरी सीमा के कुछ क्षेत्रों में शीतलहर की संभावना जताई गई है।

# विधायक शर्मा ने कार्यकर्ताओं को दिलाई वंदे मातरम् के संकल्प की याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा



विधानसभा क्षेत्र के बोहरही धाम में आयोजित मण्डल की महत्वपूर्ण बैठक में शनिवार को विधायक अनुज शर्मा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। यह बैठक राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में और विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को सफल बनाने की रणनीति पर केंद्रित थी। विधायक अनुज शर्मा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय गीत /"वंदे मातरम/" के 150 वर्ष पूरे होना गर्व का विषय है। उन्होंने कहा, /"वंदे मातरम केवल एक शब्द नहीं है – यह एक मंत्र है, एक ऊर्जा है, एक स्वप्न है और एक पवित्र संकल्प है। यह मां भारती के प्रति भक्ति और आध्यात्मिक समर्पण का प्रतीक है।/" उन्होंने जोर देकर कहा कि यह शब्द हमें इतिहास से जोड़ता है और हमें भविष्य के लिए यह साहस देता है कि कोई भी संकल्प या लक्ष्य हमारी पहुंच से परे नहीं है।

### एस आई आर अभियानः केवल प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, नागरिक जिम्मेदारी का उत्सव

बैठक में 'विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान पर चर्चा करते हुए, विधायक अनुज ने इसे केवल एक प्रशासनिक प्रक्रिया मानने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा, /"यह अभियान लोकतांत्रिक चेतना और नागरिक जिम्मेदारी का उत्सव है।/" उन्होंने प्रत्येक कार्यकर्ता से अपने क्षेत्र में जन-जागरूकता फैलाने का आह्वान किया, ताकि हर पात्र नागरिक मतदान सूची में अपना नाम अवश्य दर्ज करा सके। विधायक शर्मा ने विशेष रूप से युवाओं से अपील की कि वे 18 वर्ष की आयु पूरी होते ही बिना विलंब किए अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाएं और अपने लोकतांत्रिक अधिकार का सदुपयोग करें।

### गुजराती शिक्षण संघ की बैठक आज

**रायपुर।** श्री गुजराती शिक्षण संघ की सामान्य सभा की वार्षिक बैठक 9 नवंबर को सुबह 9 बजे बुलाई गई है। इस संबंध में संस्था के अध्यक्ष नारायण भाई पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि यह वार्षिक बैठक देवेंद्र नगर के ज्ञानोदय भवन में होगी।

# नुआपाड़ा उपचुनाव में अनुज ने 5 सभाएं लीं



**धरसींवा।** ओडिशा की नुआपाड़ा विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अपनी चुनावी मशीनरी को पूरी गति दे दी है। छत्तीसगढ़ के धरसींवा विधायक अनुज शर्मा, जिन्हें इस महत्वपूर्ण उपचुनाव का प्रभारी बनाया गया है, उन्होंने शुक्रवार को पार्टी प्रत्याशी जय ढोलकिया के समर्थन में सघन प्रचार अभियान चलाया। विधायक शर्मा ने एक ही दिन में केंदुबहारा, पवरतला, बेलटूकरी, बिसोरा और भेसांताल सहित लगातार पाँच स्थानों पर विशाल चुनावी सभाओं को संबोधित किया। विधायक अनुज शर्मा ने चुनावी सभाओं के साथ-साथ नुआपाड़ा विधानसभा के सभी मंडलों और बूथ प्रभारियों के साथ बैठकें कीं और सूक्ष्म-स्तरीय रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कार्यकर्ताओं को घर-घर जाकर प्रत्याशी जय ढोलकिया के पक्ष में मतदान करने की अपील करने का निर्देश दिया। साथ ही, संगठन की बैठक में उन्होंने सभी मंडल अध्यक्षों और कार्यकर्ताओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकासशील नेतृत्व, महिलाओं के सशक्तिकरण, किसानों को आर्थिक संबल और जनकल्याण की योजनाओं की जानकारी जनता तक पहुँचाने हेतु निरंतर जनसंपर्क करने का मार्गदर्शन दिया।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

दसवीं पुण्यतिथि



मृत्यु
09.11.2016
स्व. श्री त्रिलोकीनाथ शर्मा
दसवीं पुण्यतिथि पर हम सब परिवार अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित करते है।
शोकाकुल परिवारः दिनेश शर्मा (पुत्र), श्रीमती ममता शर्मा (पुत्रवधु) श्रीमती शांति शर्मा, श्रीमती गीता, श्रीमती ममता (पुत्री), विकास, हिमेश, देविका, आयुष (पोता) एवं समस्त शर्मा परिवार रायपुर।
फर्म : श्री बैजनाथ प्लाईवुड एवं डोर्स बोरियाखुर्द, रायपुर
श्री बैजनाथ पेंट एवं हार्डवेयर बोरियाखुर्द, रायपुर

# दूसरे दिन भी प्रभावित रहा दिल्ली फ्लाइट का सफर, ज्यादातर लेट आई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

दिल्ली एयरपोर्ट के एटीसी सिस्टम में आई खराबी का असर दूसरे दिन भी आवाजाही करने वाले विमानों पर नजर आया। संचालित होने वाली इंडिगो की सभी फ्लाइट आधे से डेढ़ घंटे विलंब से संचालित हुई। उधर एटीसी का बिगड़ा सिस्टम ठीक होने के बाद रविवार को विमानों की आवाजाही सामान्य होने की उम्मीद है।

दिल्ली एयरपोर्ट का एयर ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम की सेवा तकनीकी कारणों से बाधित हो गई थी। इसकी वजह से रायपुर समेत देश और विदेश की उड़ानों का संचालन प्रभावित हुआ था। दूसरे दिन शनिवार को भी विमानों की आवाजाही पर इसका असर नजर आया। दिल्ली से आने वाली ज्यादातर फ्लाइट लेट से रायपुर पहुंची तो उसकी वापसी भी देर से हुई। जानकारी के मुताबिक दिल्ली की सुबह 8.45 बजे आने वाली फ्लाइट अपने निर्धारित समय से आधे घंटे, दोपहर 12.15 बजे संचालित होने वाला विमान 30 मिनट लेट से आया। दोपहर 2.20 बजे आने वाली फ्लाइट 3 बजे यानी अपने निर्धारित समय से 40 मिनट, दोपहर 1.45 वाली सवा 3 बजे, शाम साढ़े 5 बजे की फ्लाइट सवा 6 बजे, रात 8 बजे की फ्लाइट पौने 9 बजे और रात 9.20 की फ्लाइट रात्रि पौने 11 बजे रायपुर विमानतल पहुंची। सूत्रों के मुताबिक एटीसी सिस्टम में आई तकनीकी खराबी में सुधार होने के बाद रविवार से विमानों का संचालन सामान्य तरीके से होने की उम्मीद है।

## बिगड़ा सिस्टम सुधरा, आज से सामान्य होगी उड़ान



### गोवा की फ्लाइट साढ़े 4 घंटे लेट

शनिवार को गोवा से आने वाली फ्लाइट अपने निर्धारित समय से साढ़े 4 घंटे विलंब से रायपुर पहुंची। इसके अलावा अहमदाबाद-रायपुर की उड़ान सवा घंटे विलंब, इंदौर वाली फ्लाइट आधा घंटा, पुणे-रायपुर 1 घंटे, मुंबई-रायपुर फ्लाइट सवा घंटे विलंब से पहुंची। इन उड़ानों के विलंब से संचालित होने की कोई विशेष वजह स्पष्ट नहीं की गई है।

## खबर संक्षेप

### गुजराती शिक्षण संघ की बैठक आज

**रायपुर।** श्री गुजराती शिक्षण संघ की सामान्य सभा की वार्षिक बैठक 9 नवंबर को सुबह 9 बजे बुलाई गई है। इस संबंध में संस्था के अध्यक्ष नारायण भाई पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि यह वार्षिक बैठक देवेंद्र नगर के ज्ञानोदय भवन में होगी, जहां सभी सदस्यों को इस बैठक में उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है।

### प्रतिबंधित नशीली दवा बेचते धरा गया युवक

**रायपुर।** खम्हारडीह पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 280 नग प्रतिबंधित नींद की गोली जब्त की है। साथ ही युवक के कब्जे से बिक्री की रकम दो सौ रुपए जब्त किए हैं। पुलिस ने भूषण साहू को नींद की गोली बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने सेंट जेवियर स्कूल के पास छापा मारकर भूषण को नींद की गोली बेचते गिरफ्तार किया है।

### गोठान में सौर ऊर्जा से संचालित मोटर पंप चोरी

**रायपुर।** अभनपुर थाने में एक सरपंच प्रतिनिधि ने अज्ञात चोर के खिलाफ गोठान में लगे सौर ऊर्जा के 18 हजार रुपए के मोटर पंप चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। अक्षय कुमार साहू ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए पुलिस को बताया कि अज्ञात चोर धनौद गोठान, जो चारों तरफ तार से घिरा है, अंदर प्रवेश कर वर्ष 2019 में सौर ऊर्जा से संचालित मोटर पंप चोरी कर ले गया।

## निधन

### डॉ. आरडी हेलोडे



**रायपुर।** कोटा निवासी डॉ. आरडी हेलोडे (84) का 8 नवंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार कोटा मुक्तिधाम में किया गया। वे डॉ. सागर और विवेक हेलोडे के पिता थे।

### मायादेवी छंगानी

**रायपुर।** ग्रीन एवेन्यू निवासी मायादेवी छंगानी का 8 नवंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम यात्रा 9 नवंबर को 11 बजे उनके निवास स्थान से देवेंद्र नगर श्मशानघाट जाएगी। वे स्व. ज्ञानचंद छंगानी की पत्नी व योगेश छंगानी माता थीं।



## रीडेवलपमेंट प्लान के लिए निगम ने किया था ऑनलाइन टेंडर

# पांच दशक पुराने नवीन बाजार को संवारने तीन एजेंसियां तैयार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- केंद्र को भेजा जाएगा प्रस्ताव
- 6 मंजिला व्यावसायिक परिसर बनेगा, रेवेन्यू शेयरिंग मॉडल पर होगा काम

राजधानी के फूल चौक स्थित पांच दशक पुराने नवीन बाजार को तोड़कर 6 मंजिला व्यावसायिक परिसर बनाया जाएगा। नगर निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर योजना शाखा द्वारा इसका रीडेवलपमेंट प्लान तैयार कराया जा रहा है। निगम ने इसके लिए आर्किटेक्ट भी फाइनल कर लिया है। कंसलेंट चयन के लिए ऑनलाइन टेंडर किया गया, जिसमें दिल्ली, भुवनेश्वर और रायपुर की एजेंसी ने दिलचस्पी लेते हुए निविदा में भाग लिया है। सबसे कम दर भरने वाली एजेंसी को नवीन बाजार को संवारने का मौका मिलेगा। वहीं कंसलटेंट द्वारा तैयार किए गए प्रस्ताव को केंद्र सरकार के पास भेजा जाएगा।

पंडरी मार्केट की तर्ज पर नवीन बाजार की जमीन पर बहुमंजिला व्यावसायिक परिसर बनेगा। 35 करोड़ का यह प्रोजेक्ट रेवेन्यू शेयरिंग मॉडल पर तैयार होगा। वर्तमान में 2 एकड़ जमीन में दुकानें बनी हैं, जिसमें नगर निगम को हर साल राजस्व मिलता है, पर बाकी जगह पर कब्जा कर अवैध रूप से मकान व दुकानें बना ली गई हैं। यह जमीन सीमांकन कराने के बाद 4.5 एकड़ निकली है।

दरअसल, नगर निगम के आधिपत्य वाले नवीन बाजार की ढाई एकड़ जमीन पर अवैध कब्जा है। इसे देखते हुए महापौर मीनल चौबे और निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर निगम मुख्यालय और जोन 4 की टीम द्वारा गत दिनों संयुक्त रूप से सर्वे कराया गया। तहसील से सीमांकन रिपोर्ट मिलने के बाद योजना शाखा के माध्यम से डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार कराई गई। नए प्लान के दायरे में सभी पुराने निर्माण को तोड़कर अपने आधिपत्य की पूरी जमीन नगर निगम कब्जे में लेगा। नया मार्केट निर्माण होने पर मार्केट का दायरा दोगुना हो जाएगा।



### पुराने बाजार का होगा कायाकल्प, राजस्व बढ़ेगा

35 करोड़ के इस प्रोजेक्ट की ड्राइंग-डिजाइन तैयार कराने नगर निगम ने आर्किटेक्ट फाइनल कर लिया है। पुराने नवीन बाजार को आधुनिक व्यावसायिक परिसर का स्वरूप दिया जाएगा। हर सेक्टर के लिए एक बड़ा बाजार उपलब्ध कराने की योजना है। नवीन बाजार में सालों से व्यवसाय कर रहे पुराने व्यवसायिओं को व्यवस्थापन के तहत नियम अनुसार दुकानें आवंटित की जाएंगी। वहीं बची हुई दुकानों को नगर निगम सेलआउट करेगा। नए परिसर बनने से नगर निगम के राजस्व में अतिरिक्त वृद्धि होगी।

### पार्किंग के लिए मिलेगी पर्याप्त जगह, सड़क चौड़ी होगी

नवीन बाजार में सबसे बड़ी समस्या पार्किंग और सार्वजनिक प्रसाधन को लेकर है। प्लान के मुताबिक आधुनिक परियोजना के तहत नए परिसर का निर्माण करते समय दुकानों के हिसाब से वाहनों की पार्किंग के लिए पर्याप्त स्पेस रखा जाएगा। वहीं अवैध कब्जा हटाने के बाद यह सड़क पहले से और चौड़ी नजर आएगी। इससे फायदा ये होगा कि एमजी रोड, शारदा चौक, बंजारी मार्केट की तरफ योजना के मुताबिक नवीन मार्केट के पुनर्विकास से यह क्षेत्र व्यावसायिक परिसर के रूप में नजर आएगा।

### नए स्वरूप में होगा नवीन बाजार

नवीन बाजार को नया स्वरूप देने रेवेन्यू शेयरिंग मॉडल पर काम कराया जाएगा। इसके लिए रीडेवलपमेंट प्लान बनाया गया है। योजना शाखा ने कंसलटेंट चुनने ऑनलाइन टेंडर कर दिया है। - ***मीनल चौबे**, महापौर, नगर निगम रायपुर*

## साइबर ठगी के तीन अलग-अलग मामलों में चार जालसाज गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- पार्ट टाइम जॉब, शेयर ट्रेडिंग में लाभ का झांसा देकर जालसाजों ने की थी 98 लाख की ठगी

ऑनलाइन पार्ट टाइम जॉब देने का झांसा देकर लोगों के साथ 98 लाख रुपए की ठगी करने के आरोप में रेंज साइबर पुलिस ने ऑपरेशन साइबर शिल्ड के तहत चार जालसाजों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश तथा आंध्रप्रदेश के जालसाज शामिल हैं। छत्तीसगढ़ के जिन दो जालसाजों को रेंज साइबर पुलिस ने गिरफ्तार किया है, वो दोनो बलरमापुर के रहने वाले हैं।



रेंज साइबर पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से महत्वपूर्ण दस्तावेज, बैंक विवरण और तकनीकी साक्ष्य जब्त किया है। तकनीकी विश्लेषण और बैंक ट्रांजेक्शन की ट्रैकिंग के आधार पर टीमों ने तीन अलग-अलग मामलों में मुख्य आरोपियों की पहचान कर पकड़ा है। गिरफ्तार आरोपियों से पुलिस पूछताछ कर रही है।

**केस 1**

### शेयर ट्रेडिंग में 20 लाख की ठगी, ग्वालियर से गिरफ्तार

खम्हारडीह थाना में पृथ्वीराज सिंह ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसे शेयर ट्रेडिंग में मुनाफा दिलाने के नाम पर 20 लाख रुपए की ठगी की गई। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने आरोपी की पहचान कर मध्यप्रदेश, ग्वालियर निवासी प्रयल अस्थाना (31) को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से कई बैंक खाते और दस्तावेज जब्त किए हैं।

**केस 2**

### आनलाइन पार्ट टाइम जाब के नाम पर 7.4 लाख की ठगी

दूसरा मामला थाना मुजगहन का है। यहां प्रार्थी युवराज पिस्दा ने बताया कि उससे आनलाइन पार्ट टाइम जाब के बहाने 7.4 लाख रुपए की ठगी की गई। तकनीकी जांच में सामने आया कि जालसाजों ने मुंबई के बैंक में खाता खुलवाकर फर्जी लेनदेन किया। पुलिस ने इस मामले में बलरामपुर, वाड्रफनगर निवासी नेहरू लाल (23), मयंक कुमार पटेल (33) को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी मुंबई ठग गिरोह के हिस्सा थे और विभिन्न आनलाइन जॉब पोर्टलों के माध्यम से लोगों को झांसा देते थे।

**केस 3**

### शेयर ट्रेडिंग में 71 लाख रुपए की ठगी आंध्रप्रदेश से गिरफ्तारी

तीसरा मामला थाना सरस्वती नगर का है, जहां प्रार्थी डाकेस्वर सिंह ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उन्हें शेयर ट्रेडिंग में अधिक लाभ का झांसा देकर 71 लाख रुपए की ठगी की गई। तकनीकी जांच में पता चला कि आंध्रप्रदेश, विशाखापट्टनम निवासी जयराम वाजेंदला (52) ने करंट अकाउंट खोलकर अन्य साथियों के साथ ठगी की रकम ट्रांसफर की थी।

## बिजनेस साइट

### नाबार्ड को छत्तीसगढ़ राज्योत्सव 2025 में विशेष सम्मान



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव (राज्योत्सव) 2025 के दौरान नाबार्ड (राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक), छत्तीसगढ़ क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर के प्रदर्शनी स्टॉल को विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान भारत के उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन के करकमलों द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह भी मंच पर उपस्थित रहे। नाबार्ड की ओर से जनसंपर्क अधिकारी अनंता शिंदे ने यह पुरस्कार ग्रहण किया। नाबार्ड को यह सम्मान राज्य के विभिन्न जिलों के कृषि उत्पादों, हस्तशिल्प, हथकरघा और ग्रामीण उत्पादों की उत्कृष्ट प्रस्तुति के लिए दिया गया। नाबार्ड के स्टॉल में एफपीओ के उत्पाद जैसे जशपुर काजू, चिरौंजी, कच्ची घानी तेल, नगरी दुबराज चावल, कोसा सिल्क साड़ियां, पैरा हस्तकला, डोकरा शिल्पकला और बांस उत्पाद प्रदर्शित किए गए थे। प्रदर्शनी का उद्घाटन नाबार्ड के महाप्रबंधक शीतांशु शेखर ने किया। वहीं मुख्य महाप्रबंधक डॉ. ज्ञानेंद्र मणि ने प्रतिभागियों से संवाद कर उनके कार्यों की सराहना की। उन्होंने बताया कि नाबार्ड पिछले 25 वर्षों से छत्तीसगढ़ में ग्रामीण विकास, महिला सशक्तिकरण और कौशल उन्नयन में सक्रिय भूमिका निभा रहा है।

### द गुड स्टार्ट स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी एवं नई शाखा का शुभारंभ




**रायपुर।** द गुड स्टार्ट स्कूल, प्रोफेसर कॉलोनी में शनिवार को वार्षिक विज्ञान प्रदर्शनी एवं नई शाखा के उद्घाटन समारोह का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। विद्यार्थियों ने सोलर पैनल, चंद्रयान, ऑटोमेटिक क्लोथ प्रोटेक्टर और वॉटर प्यूरिफायर जैसे आकर्षक मॉडल प्रदर्शित किए। केजी वर्ग के बच्चों ने राज्यों की संस्कृति और कम्युनिटी हेल्पर्स पर रोचक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ओंकार सिंह ने बच्चों की रचनात्मकता की प्रशंसा करते हुए कहा, विद्यालय भविष्य के वैज्ञानिकों के सपनों को पंख दे रहा है। प्राचार्या अनीता त्रिपाठी एवं भाठागांव शाखा की प्राचार्या स्मिता द्विवेदी के मार्गदर्शन में कार्यक्रम सफल रहा। निदेशक कश्मिका सोनी ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य बच्चों को सर्वांगीण विकास की दिशा में प्रेरित करना है। समारोह में अभिभावकों के लिए आयोजित फन गेम्स ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

## राज्योत्सव में जाने के विवाद पर दामाद ने सास का किया मर्डर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

माना थाना क्षेत्र के बरौद, फोकटपारा में राज्योत्सव में शामिल होने जाने के विवाद पर एक व्यक्ति ने अपनी सास के चेहरे पर मुक्का मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया, जिसकी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। सास पर हमला करने के बाद युवक फरार है। आरोपी को गिरफ्तार करने पुलिस उसके छिपने के संबंधित ठिकानों पर छापे की कार्रवाई कर रही है। पुलिस के अनुसार विरेंद्र कुमार कुर्रे ने अपनी सास राजबाई बांधे (65) की हत्या की है। घटना दिनांक को विरेंद्र अपने ससुराल पहुंचा था। विरेंद्र की पत्नी राज्योत्सव में जाने की जिद कर रही थी। इस बात को लेकर विरेंद्र अपनी ससुराल के लोगों के साथ विवाद करने लगा और किसी को राज्योत्सव में नहीं जाने की हिदायत दी। इस बात को लेकर विरेंद्र का अपने ससुराल वालों के साथ विवाद हुआ। विवाद के दौरान विरेंद्र अपनी पत्नी के बाल खींचकर मारने लगा। बीच बचाव करने राजाबाई आई, तो विरेंद्र ने उसका सिर पकड़कर चेहरे पर पांच-छह मुक्के जड़ दिए। मुक्का मारने से राजबाई बेहोश होकर गिर गई, चेहरा लहू लुहान हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई।





## राशन दुकानों में अब तक नहीं पहुंचा अनाज

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल ने कहा है कि प्रदेश में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) पूरी तरह अव्यवस्थित हो चुकी है। महीने की 8 दिन बीत जाने के बाद भी अधिकांश राशन दुकानों में पूर्ण मात्रा में अनाज नहीं पहुंच पाया है, जिससे आम जनता को भारी परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि दुकानों में अभी तक राशन नहीं पहुंचने के कारण बहुत-सी दुकानें बंद हैं। उपभोक्ता इधर-उधर चक्कर काट रहे हैं, कई बार उपभोक्ताओं और दुकानदारों के बीच विवाद की स्थिति बन रही है। श्री अग्रवाल ने मांग की है कि प्रदेश की सभी राशन दुकानों में तत्काल अनाज की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए और कांग्रेस सरकार के समय की तरह नियमित एवं समयपूर्व वितरण प्रणाली लागू की जाए, ताकि आमजनों को राहत मिल सके।

## पेज 11 के शेष ...

### नाम का नगर ...

हीरापुर से अटारी नंदनवन मार्ग की हालत खस्ता, आसपास एजूकेशन हब - नगर निगम जोन 8 के वीर सावरकर नगर वार्ड में हीरापुर, अटारी, जरवाय गांव शामिल है। नगर निगम में इन गांवों को शामिल हुए दशक भर से ज्यादा हो गए। इसके बाद भी हीरापुर से अटारी होते हुए नंदनवन जाने का मार्ग बेहद खराब है। गांव वाले सुबह से लेकर देर शाम तक इसी मार्ग से आना-जाना करते हैं। यही नहीं, इसके आसपास का एरिया एजूकेशन हब के रूप में विकसित होने से इस मार्ग पर ट्रैफिक का दबाव ज्यादा है। यदि इस मार्ग की सड़क का चौड़ीकरण कर डिवाइडर बना दिया जाए, तो इससे आवागमन में आसानी होनी। यही मार्ग साइंस कालेज, रूंगटा कालेज सहित अन्य शैक्षणिक संस्थान आने-जाने का भी है। नगर निगम से सड़क चौड़ीकरण की मांग वार्डवासी एक अरसे से कर रहे हैं। पार्षद संदीप साहू का कहना है, पूर्व में भी उन्होंने सड़क मरम्मत का प्रस्ताव दिया था। अभी वार्ड एक्शन प्लान में भी प्रस्ताव बनाकर ले गए हैं, पर काम अब तक शुरू नहीं हुआ।

### पाइप डालने उधेड़ दी ...

कालोनी वासी भुगत रहे हैं। वार्ड पार्षद एवं जोन 9 अध्यक्ष गोपेश साहू ने बताया, पूरी सड़क रिपेयर के लायक है। कचना-आमासिवनी की सड़क मरम्मत और निर्माण के लिए उन्होंने 4.5 करोड़ का प्रस्ताव बनाकर भेजा है।

### रायपुर ग्रामीण में .....

तरह की शिकायतें होती हैं। आमतौर पर उपभोक्ता किसी भी तरह की शिकायत करने का काम छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी के दफ्तरों में ही करते हैं, लेकिन इनकी समस्या का निराकरण जब पॉवर कंपनी में नहीं होता है तो उपभोक्ता फोरम की शरण में भी जाते हैं। अब तक प्रदेश के पांच संभागों में से महज तीन संभागों में भी उपभोक्ता फोरम होने के कारण उपभोक्ताओं को फोरम में शिकायत के लिए परेशानी होती रही है। इसको देखते हुए अब सात नए फोरम बना दिए गए हैं। ***लोकपाल की भी नियुक्ति*** : उपभोक्ताओं की शिकायतों का निराकरण पॉवर कंपनी में न होने पर जब वे उपभोक्ता फोरम जाते हैं और वहां पर उसकी शिकायत पर जो भी फैसला होता है, उससे अगर उपभोक्ता संतुष्ट नहीं होते हैं तो वे लोकपाल में अपील कर सकते हैं। पूर्व न्यायाधीश सुरेश कुमार सोनी को नया लोकपाल बनाया गया है।

### अध्यक्षों को जिलों में ...

अंबिकापुर में पूर्व अधीक्षण अभियंता डीके सैनी, रायगढ़ में एक पूर्व आईपीएस श्री गोयल, बिलासपुर में पूर्व अभियंता सीएस वाजपेयी, भिलाई टाउनशिप में अनिल चौहान और जिंदल स्टील के लिए श्री नंदनवार को अध्यक्ष बनाया गया है। सभी अध्यक्षों को बिजली नियामक आयोग ने हर माह जिलों में जाकर शिकायतें सुनने के निर्देश भी दिए हैं। ज्यादातर अध्यक्षों के परभार भी संभाल लिया है।

### दादा-दादी ने 12 ...

गलती का एहसास हुआ और उन्होंने वापस हिंदू धर्म को अपनाया। उनके बाद उनके माता-पिता ने भी करीब सालभर पहले मूल धर्म में वापसी की। उनके बाद अब दोनों बहनें भी सामूहिक हिंदू धर्म को अपनाने के लिए आयोजित शुद्धिकरण कार्यक्रम में शामिल हुई हैं। उन्होंने बताया कि जब से उसने होश संभाला है, तब से उसे पता है कि उनका परिवार हिंदू है, इसलिए वह और उसकी बहन सनातन धर्म को ही मानती आ रही हैं।

### बीमारियों से परेशान ...

**केस-4...** हो पाई। इससे परेशान होकर उसने धर्म परिवर्तन किया था, लेकिन उसकी बीमारी जस की तस है, इसलिए अब उसने पुनः अपने मूल सनातन धर्म को अपनाया है।

### यह रहे शामिल ....

संत युधिष्ठिर लाल जी,स्वामी राजेश्वरानंद, महंत देवादास नारायण मंदिर रायपुर और आलोक श्रीवास्तव मौजूद थे।

### शहर में दो ....

तापमान में गिरावट होने लगा है। इसके साथ वातावरण में मौजूद नमी में हुई गिरावट से मौसम रूखा होने लगा है। हवा की दिशा में बदलाव होने की वजह से न्यूनतम तापमान में आने वाली कमी से पिछले दो तीन दिन से बढ़ती ठंड महसूस हो रही है। पिछले चौबीस घंटे में तो राज्य के न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री की कमी आई है। अंबिकापुर का पारा जो 13 डिग्री से अधिक था वह गिरकर 11 डिग्री से नीचे चला गया। रायपुर का न्यूनतम तापमान 20 से 18 डिग्री के करीब पहुंचा गया। मौसम विभाग ने तापमान में आ रही गिरावट को ध्यान में रखते हुए अगले दो से तीन दिनों में राज्य की उत्तरी सीमा के कुछ क्षेत्रों में शीतलहर की संभावना जताई गई है। इस दौरान शहर में भी ठंड बढ़ने की संभावना बनी हुई है।

## वृद्धाश्रम में लगा स्वास्थ्य शिविर निशुल्क जांच के साथ दवाएं भी

**रायपुर।** नगर निगम जोन 5 के सुंदर नगर क्षेत्र में ग्रास रूट सोसाइटी द्वारा संचालित प्रशासक देखरेख गृह में बुजुर्गों के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में बुजुर्गों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, लैब टेस्ट और दवाइयों की वितरण की व्यवस्था रही। वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के चलने फिरने की दिक्कत को देखते हुए मेडिकल मोबाइल यूनिट के जरिये स्वास्थ्य जांच और उपचार किया गया। वृद्धाश्रम में हर महीने आयोजित किए जा रहे मेडिकल मोबाइल यूनिट शिविर में जरूरतमंद निःशुल्क स्वास्थ्य जांच और लैब टेस्ट कराने आगे आ रहे हैं।



HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

दसवीं पुण्यतिथि



मृत्यु
09.11.2016
स्व. श्री त्रिलोकीनाथ शर्मा
दसवीं पुण्यतिथि पर हम सब परिवार अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित करते है।
शोकाकुल परिवार: दिनेश शर्मा (पुत्र), श्रीमती ममता शर्मा (पुत्रवधु) श्रीमती शांति शर्मा, श्रीमती गीता, श्रीमती ममता (पुत्री), विकास, हिमेश, देविका, आयुष (पोता) एवं समस्त शर्मा परिवार रायपुर।
फर्म : श्री बैजनाथ प्लाईवुड एवं डोर्स बोरियाखुर्द, रायपुर
श्री बैजनाथ पेंट एवं हार्डवेयर बोरियाखुर्द, रायपुर

# ऑनलाइन-ऑफलाइन में एक ही उत्पाद में अलग-अलग एमआरपी का बड़ा खेल, ठगे जा रहे ग्राहक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एक ही कंपनी के एक ही उत्पाद पर ऑनलाइन और ऑफलाइन में अलग-अलग एमआरपी का बड़ा खेल चल रहा है। इसके कारण जहां एक तरफ ग्राहक ठगे जा रहे हैं, वहीं ऑनलाइन कारोबार के कारण ऑफलाइन कारोबार करने वाले छोटे और बड़े कारोबारियों का कारोबार भी समाप्त होता जा रहा है। एक छोटा का उदाहरण है कि नारियल तेल के एक ही कंपनी के आधा लीटर के पैक पर ऑनलाइन में जहां 331 रुपए की एमआरपी है, वहीं ऑफलाइन में 267 रुपए एमआरपी है। इसी तरह अनेकों उत्पाद हैं, जिस पर एमआरपी का खेल चल रहा है। कारोबारियों के मुताबिक ऑनलाइन में कुछ आइटम में जरूर बाजार के बराबर एमआरपी रहती है और यह ऑनलाइन में सस्ता भी मिल जाता है, लेकिन बाकी के उत्पाद के रेट का कोई ठिकाना नहीं रहता। कैट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमर पारवानी का कहना है कि केंद्र सरकार को यह देखना चाहिए कि ऑनलाइन कारोबार करने वाली कंपनियों और ऑफलाइन कारोबार करने वाले कारोबारियों को मिलने वाले उत्पादों पर एक ही एमआरपी हो। कारोबारी यह भी कहते हैं कि रेट कंट्रोल का एक सिस्टम भी अपने देश में जरूरी है, ताकि किसी भी उत्पाद पर अलग-अलग एमआरपी न हो और एमआरपी भी नियम से हो। अभी एमआरपी का कोई नियम नहीं है।

आज हर तरह के उत्पाद ऑफलाइन के साथ ऑनलाइन भी मिल रहे हैं। ऑनलाइन खरीदारी करने वालों की संख्या में लगातार जहां इजाफा हो रहा है, वहीं ऑफलाइन खरीदारी कम हो रही है। ऑफलाइन खरीदारी कम होने से कारोबारी परेशानी में तो हैं, लेकिन इनकी परेशानी का एक बड़ा कारण यह भी है कि ऑनलाइन और ऑफलाइन एक ही उत्पादक में जिस तरह से ऑनलाइन सामान बेचने वाले शापिंग मॉल और मार्ट उत्पादक कंपनियों के साथ मिलकर जो एमआरपी में खेल कर रहे हैं, उसके ग्राहक भ्रमित भी हो रहे हैं और ठगे भी जा रहे हैं।

## रेट कंट्रोल सिस्टम न होने का बड़ा फायदा उठा रही हैं उत्पादन करने वाली कंपनियां

### एक ही उत्पाद में अलग-अलग रेट

एक ही उत्पाद में अलग-अलग रेट का खेल चल रहा है। ऑनलाइन एक शापिंग मॉल की साइट पर आधा लीटर नारियल तेल में 331 एमआरपी दर्ज है और इसको डिस्काउंट के साथ 291 में देने का ऑफर है। ठीक इसी कंपनी का यही आधा लीटर का नारियल तेल एक किराना दुकान में 267 रुपए की एमआरपी वाला है। इसको किराना दुकान में एमआरपी से 10 रुपए कम में 257 रुपए में दिया जा रहा है। इसी तरह से कई बार शापिंग मॉल या फिर ऑनलाइन कारोबार करने वाले वजन में खेल करते हैं। उसका एक उदाहरण है। एक ही कंपनी के 600 मिली के नारियल तेल के पैक में एमआरपी 384 रुपए है और इसको डिस्काउंट करके 339 रुपए में बेचा जा रहा है। अब आते हैं ऑफलाइन में, एक किराना दुकान में आधा लीटर के नारियल तेल के उसी कंपनी के पैक पर एमआरपी है 300 रुपए। इस एमआरपी के हिसाब से 600 मिली की एमआरपी होनी चाहिए 360 रुपए लेकिन ऑनलाइन में एमआरपी 384 रुपए है। इससे साफ मालूम होता है कि किस तरह से एक ही कंपनी अपने उत्पादों पर ऑनलाइन के लिए अलग और ऑफलाइन के लिए अलग-अलग एमआरपी लिख रही हैं।







### एमआरपी कंट्रोल सिस्टम हो

कारोबारियों का कहना है कि केंद्र सरकार को एक एमआरपी कंट्रोल सिस्टम बनाना चाहिए। आज किसी भी उत्पाद में एमआरपी का सिस्टम न होने के कारण एक ही उत्पाद पर अलग-अलग कंपनी अपने हिसाब से एमआरपी लिखती है।

### क्रीम के दाम में अंतर कम छूट का दावा ज्यादा

इसी तरह से एक कंपनी की एक 300 मिली मास्टराइन क्रीम 330 रुपए में मिल रही है। इसकी एमआरपी 660 रुपए है इसमें 50 फीसदी छूट है दावा है, जबकि ठीक यही क्रीम एक दूसरी ऑनलाइन कंपनी में 250 रुपए दाम के साथ 15 फीसदी ही छूट का दावा कर रही है। ऐसा खेल भी चल रहा है।

**सरकार देखे, एमआरपी में अंतर न हो**

यह बात सच है कि एक ही कंपनी के उत्पादों पर अलग-अलग एमआरपी की बात हमेशा सामने आती है। केंद्र सरकार को यह देखना चाहिए कि कोई भी कंपनी ऑनलाइन और ऑफलाइन के लिए अलग-अलग एमआरपी एक ही उत्पाद पर न लिखे। - **अमर पारवानी,** राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, कैट

## खबर संक्षेप

### सिंगापुर में एम्स के निदेशक का व्याख्यान

**रायपुर।** वैश्विक मंच सिंगहेल्थ ड्यूक-एनयूएस इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल सिमुलेशन द्वारा सिंगापुर में आयोजित सम्मेलन में एम्स के निदेशक अशोक जिंदल ने व्याख्यान दिया। तीन दिनी इस सम्मेलन का विषय "इंटीग्रेटिंग सिमुलेशन; फ्यूचर-प्रूफिंग प्रैक्टिस" था। जिंदल के अलावा एम्स के संकाय सदस्यों ने सम्मेलन में विभिन्न विषयों पर कुल 90 मिनट के सत्रों का संचालन किया।एम्स निदेशक ने अपने संबोधन में कहा कि सिमुलेशन "जनस्वास्थ्य के लिए एक बीमा नीति" की तरह है, जो निर्णय-निर्माण, समन्वय और संकट से निपटने की तत्परता को बेहतर बनाता है। जिंदल ने एआईआईएमएस रायपुर सिमुलेशन एवं स्किल्स लैब की प्रगति और अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन के साथ संस्थान की साझेदारी का भी उल्लेख किया। इनके माध्यम से छत्तीसगढ़ में 10 हजार से अधिक लोगों को उच्च-प्रामाणिक (हाई-फिडेलिटी) और वर्चुअल रियलिटी आधारित तकनीकों का उपयोग करते हुए हैंड्स-ओनली सीपीआर का प्रशिक्षण दिया गया है।

### चिरायु टीम ने दिलाई क्लब फुट की समस्या से निजात

**रायपुर।** तिल्दा शगुनी गांव में रहने वाली बेला ने धरसींवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक बच्ची को जन्म दिया। जन्म के तुरंत बाद पता चला कि बच्ची यूनिलेटरल क्लब फुट से पीड़ित है। चिरायु टीम इसे लेकर एक्टिव हुई और बच्ची को उपचार हेतु डीकेएस हॉस्पिटल रेफर किया गया। अस्पताल में बच्ची का 14 बार प्लास्टर कास्टिंग किया गया और टीनोटॉमी सर्जरी सफलता पूर्वक की गई। बच्ची को आगे की देखभाल के लिए आंबेडकर अस्पताल से करेक्टिव शूज़ प्रदान किए गए। जिससे बच्ची का पैर सामान्य स्थिति में है और वह पूरी तरह स्वस्थ है।

### प्रोजेक्ट धड़कन के तहत 90 बच्चों की स्क्रीनिंग

**रायपुर।** जिला प्रशासन एवं श्री सत्य साई हॉस्पिटल के सहयोग से शासकीय प्राइमरी स्कूल सोनपैरी आरंग में 57 बच्चों की स्क्रीनिंग की गई। इसमें 25 छात्र 25 एवं 32 छात्राएं शामिल थी। आंगनबाड़ी केंद्र में11 बच्चों की जांच की गई जिसमें कोई भी बच्चा सस्पेक्टेड नहीं मिला। शिविर के दौरान बच्चों की जांच तेज धड़कन, वजन न बढ़ना, शरीर में नीलापन, बार-बार सर्दी-खांसी, सांस लेने में तकलीफ, तथा स्तनपान के समय पसीना आने जैसे लक्षणों के आधार पर की गई।

## पुलिस अफसरों ने सभी थानों को दिए अलर्ट रहने के निर्देश

# शादी के बिन बुलाए मेहमान बने राजगढ़ के चोर, नोटों से भरा बैग पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**गुढ़ियारी थाना में सीजन में चोरी का पहला मामला दर्ज**

शादी सीजन शुरू होने के साथ ही मध्यप्रदेश, राजगढ़ के चोर गिरोह ने अपनी आमद दर्ज करा दी है। चोर गिरोह के शातिरों ने गुढ़ियारी स्थित एक मैरिज कार्यक्रम में कैश एक लाख, महंगे मोबाइल तथा उपहार में मिले गिफ्ट कैश से भरे पर्स चोरी कर ले गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस अपराध दर्ज कर घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल कर रही है।

नितेश राजपूत ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। नितेश ने पुलिस को बताया है कि छह नवंबर को वह परिवार के साथ साले पुष्पेंद्र गंजीर की शादी में शामिल होने के लिए गया था। शादी समारोह ओशो मैरिज गार्डन में आयोजित था। घटना दिनांक को शाम के समय आशीर्वाद समारोह में नितेश ने कैटरिंग तथा टेंट कर्मचारियों को देने के लिए एक लाख रुपए अपनी पत्नी नेहा को दिए थे। जिस पर्स में नेहा लोगों से मिले उपहार की राशि रख रही थी, उसी पर्स में उसने अपने पति द्वारा दिए गए कैश भी रख दिए।

### व्यस्तता का फायदा उठाकर पर्स चोरी कर ले गया चोर

नोटों से भरे पर्स में नेहा ने अपना मोबाइल रखकर एक कुर्सी पर रख दिया और किसी काम से उठकर गई। वापस आने पर उसने देखा, कुर्सी से पर्स गायब है। इसके बाद उसने इसकी जानकारी अपने पति को दी। नितेश तथा अन्य परिजन ने आसपास उपस्थित लोगों से पर्स के संबंध में पूछताछ की, लेकिन पर्स का पता नहीं चला। रात 10 से 11 बजे के बीच पर्स चोरी होने की घटना हुई है।


फाइल फोटो

### ठाठ ऐसा कि कोई पहचान न पाए

चोरी करने वाले जहां चोरी करने जाते हैं, वहां सूट-बूट पहनकर पहुंचते हैं। गिरोह में महिलाओं के साथ बच्चे भी शामिल रहते हैं। जो चोरी करता है, वह बैग अपने साथी को थमा देता है। इसके बाद चोर समारोह स्थल के बाहर अपने साथी को चोरी का माल थमा देता है। वह आदमी माल लेकर तत्काल राजगढ़ के लिए रवाना हो जाता है। यही कारण है कि पकड़े जाने के बाद भी गिरोह के लोगों से चोरी का माल बरामद नहीं होता।

**सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल की जा रही**

शादी समारोह में चोरी करने वाले गैंग को लेकर सभी थानों को अलर्ट किया गया है। गुढ़ियारी में चोरी की घटना की पड़ताल के लिए घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल की जा रही है। - **संजय सिंह,** डीएसपी क्राइम

### राजगढ़ के इस शहर से आते हैं चोर

शादी समारोह में चोरी करने वाला गिरोह राजगढ़ के पचोर शहर से हर वर्ष आता है। गिरोह में शामिल सदस्य जिस शहर में चोरी करते हैं, उस शहर में रहने के लिए अपना ठिकाना नहीं बनाते। गिरोह के शातिर संबंधित शहर के पड़ोसी जिले में किराए के मकान या लॉज में रहते हैं। गिरोह के सदस्य इतने शातिर होते हैं कि जहां चोरी करने के लिए जाना होता है, वहां दो से तीन की संख्या में पहुंचते हैं और पलक झपकते ही चोरी की वारदात करते हैं। चोर गिरोह से जुड़े लोग जहां चोरी करने जाते हैं, वहां निगरानी कर जिम्मेदारों की जानकारी जुटाते हैं। समारोह में जो जिम्मेदार रहते हैं, चोर उन्हें टारगेट कर चोरी करते हैं।

## हिन्दू राष्ट्र की मांग करने दंतेवाड़ा से रायपुर तक शिव सैनिक 10 बसों से करेंगे यात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारत को हिन्दू राष्ट्र बनाने की मांग को लेकर 11 से 14 नवंबर के बीच छत्तीसगढ़ शिवसेना से जुड़े हिन्दूवादी लोग दिव्य रथ के साथ दंतेवाड़ा से रायपुर तक निकलने वाली यात्रा में भारी तादाद में शामिल होंगे। हिन्दू राष्ट्र मोर्चा यात्रा की अगवाई छत्तीसगढ़ शिवसेना के धनंजय सिंह परिहार करेंगे। सनातन की अलख जगाने के लिए 10 बसों और 70 से ज्यादा कारों में सवार होकर धर्म प्रेमी इस यात्रा का हिस्सा बनेंगे। साथ ही हिन्दू राष्ट्र की अवधारणा को मजबूत करने के लिए प्रसिद्ध हिन्दूवादी नेता शिवसेना के प्रदेश प्रमुख श्री परिहार भी यात्रा में शामिल होंगे।

- छत्तीसगढ़ शिवसेना ने पत्रकार वार्ता में चार दिवसीय यात्रा की दी जानकारी

हिंदूवादी नेता एवं छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के मुख्य आन्दोलनकारी के रूप में भी श्री परिहार को जाना जाता है। 11 नवंबर को दंतेश्वरी माता मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद रैली शुरू होगी। 14 नवंबर को हिन्दू राष्ट्र मोर्चा रायपुर शिवसेना के प्रदेश कार्यालय पहुंचने के बाद इसका समापन होगा। यह जानकारी शनिवार को प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता में प्रदेश महासचिव रेशम सिंह जांगड़े, संजय नाग, सन्नी देशमुख ने दी।

### साधु-संतों को रैली में शामिल होने किया आमंत्रित

उन्होंने कहा कि सरकार से उम्मीद करते हैं कि इस धार्मिक यात्रा को सफल बनाने सुरक्षा प्रदान करे। भाजपा और संघ परिवार भी इस मोर्चा से सहमत है। शिवसेना प्रमुख धनंजय सिंह परिहार का लक्ष्य है कि यह मोर्चा हिन्दू परिवार को जागरूक करने का माध्यम बनेगा। हम गांव-गांव, गली-गली में नुक्कड़-नुक्कड़ और सभाओं के माध्यम से हिन्दुओं को जगाएंगे, हिन्दुओं की एकता आज समय की सबसे बड़ी मांग है। हमें मुस्लिम और इसाई समुदाय से परहेज नहीं, लेकिन हमारा मुख्य उद्देश्य हिन्दू राष्ट्र की अलख जगाना है। 4 दिवसीय हिन्दू राष्ट्र मोर्चा में साधु-संत, महात्मा को शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है।

## सहकारी समिति के कर्मचारी आंदोलन पर, 4 सूत्रीय मांगों को लेकर संभाग स्तरीय धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेशभर की सहकारी समितियों के 15 हजार कर्मचारी और 2739 उपार्जन केंद्रों में कार्य करने वाले संविदा कंप्यूटर आपरेटर 4 सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन पर हैं। छत्तीसगढ़ के पांच संभागों में कार्यरत सहकारी समिति कर्मचारी और धान खरीदी कंप्यूटर आपरेटर संभाग स्तरीय आंदोलन कर शासन का ध्यान अपनी लंबित मांगों के प्रति आकर्षित कराने जुटे हैं।

रायपुर संभाग के हड़ताली कर्मचारियों को नवा रायपुर के तूता धरना स्थल पर प्रदर्शन की अनुमति नहीं मिलने पर संभाग के 5 जिलों के कर्मचारी और

कंप्यूटर आपरेटरों ने महासमुंद के लोहिया चौक पर धरना दिया। आंदोलन का शनिवार को 6वां दिन था। इसमें महासमुंद, रायपुर, बलौदाबाजार, धमतरी और गरियाबंद के कर्मचारी बड़ी संख्या में शामिल हुए। धरना प्रदर्शन के दौरान सहकारी समिति के कर्मचारियों ने



सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ और धान खरीदी कंप्यूटर आपरेटर महासंघ के संयुक्त आव्हान पर कर्मचारी 3 से 11 नवंबर तक संभाग स्तरीय आंदोलन कर रहे हैं। आंदोलनकारियों का कहना है, मांग पूरी नहीं होने पर प्रदेशभर में धान खरीदी का बहिष्कार कर विरोध जताएंगे। सहकारी समिति के कर्मचारियों के इस आंदोलन से राशन वितरण, समर्थन पर धान खरीदी की तैयारी, माइक्रो एटीएम संबंधी कार्य, बचत बैंक, एग्री स्टेक धान पंजीयन संबंधी कार्य प्रभावित हो रहा है।

### प्रमुख मांग इस तरह

- धान खरीदी वर्ष 2023-24 और 2024-25 में धान खरीदी के बाद संपूर्ण सूखत राशि समितियों को प्रदान की जाए
- धान खरीदी में विलंब के लिए प्रत्येक सप्ताह संपूर्ण धान परिवहन सुनिश्चित करने की मांग
- समर्थन मूल्य में धान खरीदी में शार्टेज, प्रोत्साहन, कमीशन और सुरक्षा व्यय बढ़ाया जाए तथा मध्यप्रदेश की तर्ज पर उचित मूल्य विक्रेताओं को 3 हजार रुपए प्रतिमाह मानदेय दिया जाए
- आउटसोर्सिंग से कंप्यूटर आपरेटर के नियोजन को विलोपित कर सालों से कार्य कर रहे धान खरीदी कंप्यूटर आपरेटरों का विभाग तय कर नियमितीकरण की मांग इसके अलावा सहकारी समितियों के कर्मचारियों को वेतन देने प्रतिवर्ष प्रत्येक समितियों को 3-3 लाख रुपए का प्रबंधकीय अनुदान राशि दी जाए

## झाड़-फूंक का झांसा देकर एक लाख से ज्यादा कीमत के जेवर-नकदी लेकर फरार

**बुजुर्ग को उसकी बहू की स्थिति नाजुक होने का दिया झांसा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राखी थाना में एक महिला ने अज्ञात के खिलाफ झाड़-फूंक का झांसा देकर नकदी 12 हजार रुपए सहित एक लाख रुपए से ज्यादा कीमत के सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। जालसाज ने बुजुर्ग को उसकी बहू की हालत नाजुक होने का झांसा देकर झाड़-फूंक करने उसके पहने जेवर उतरवा लिए। इसके बाद तंत्र साधना करने महिला के जेवर लेकर चला गया। झाड़-फूंक करने वाला जब नहीं लौटा, तब परिजन अज्ञात जालसाज के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराने पहुंचे।

बेंद्री निवासी रेवती साहू ने अज्ञात के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। रेवती ने पुलिस को बताया है कि उसका बुजुर्ग ससुर तुकाराम एक मेहमान को घर ले आया और उसे अपने रिश्तेदारी का भांजा होना बताया। इसके बाद तुकाराम ने रेवती तथा बहू ओम कुमारी से उस अनजान मेहमान का पैर पड़वाया। ओम कुमारी ने अनजान मेहमान के पांव पड़े। तब जालसाज ने रेवती तथा तुकाराम को बताया कि उसकी बहू की हालत काफी नाजुक है, जिसे आने वाले दिनों में वे संभाल नहीं पाएंगे। इसके लिए जालसाज ने तुकाराम को ओम कुमार को झाड़-फूंक कर ठीक करने दावा किया और उसे एक अलग कमरे में ले गया।


फाइल फोटो

### जेवर-नकदी उतरवाने के बाद रूमाल में बांधा

रेवती ने पुलिस को बताया है कि अनजान व्यक्ति ने ओम कुमारी को अलग कमरे में ले जाकर करीब एक घंटे तक झाड़-फूंक किया। इस दौरान अनजान व्यक्ति ने महिला से पहने सभी जेवर उतरवा लिए और तंत्र-मंत्र करने की आड़ में नकदी रकम देने कहा। महिला के जेवर उतरवाने के बाद जालसाज ने जेवर तथा नकदी रकम को एक रूमाल में बांध लिया।

### तंत्र-मंत्र करने का झांसा देकर हुआ गायब

नकदी तथा जेवर रूमाल में बांधने के बाद जालसाज ने महिला को सास तथा घर के किसी सदस्य से बात नहीं करने की हिदायत दी। इसके बाद रूमाल में बांधे जेवर, नकदी को जालसाज तंत्र-मंत्र करने गांव के बाहर एक पेड़ के पास ले जाने की बात कह कर ले उड़ा। दूसरे दिन तक अनजान मेहमान नहीं लौटा, तब ओम कुमारी ने पूरी बात अपने परिजनों को बताई। इसके बाद परिजन जालसाज के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने थाना पहुंचे।







## अब पुलिस को बताना होगा गिरफ्तारी का आधार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सामाजिक न्याय कार्यकर्ता एवं अधिवक्ता भगवान् नायक ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा गिरफ्तारी के समय लिखित कारण बताने संबंधी दिए गए ऐतिहासिक फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने इसे भारतीय संविधान में निहित मौलिक अधिकारों का रक्षक का फ़ैसला बताया। सुप्रीम कोर्ट की पीठ, मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति बीआर गवई एवं न्यायमूर्ति ऑगस्टिन जॉर्ज ने महाराष्ट्र के हिट एंड रन मामले से उत्पन्न एक महत्वपूर्ण कानूनी मुद्दे पर विस्तृत निर्णय सुनाया। फैसले ने गिरफ्तार किए जाने वाले प्रत्येक व्यक्ति के अधिकारों को मजबूती प्रदान की है। निर्णय में सुप्रीम कोर्ट में गिरफ़्तारी के संबंध में जोगेंद्र सिंह विरुद्ध उत्तरप्रदेश राज्य और अरनेश विरुद्ध बिहार राज्य के पूर्व निर्णय का भी उल्लेख किया है। उन्होंने अपनी प्रतिक्रिया में कहा, यह फैसला एक मील का पत्थर है। यह पुलिसिया मनमानी पर अंकुश लगाते हुए नागरिक स्वतंत्रता की दिशा में एक सराहनीय कदम है। अब यह स्पष्ट हो गया है कि गिरफ्तारी का लिखित आधार देना एक संवैधानिक बाध्यता है, न कि पुलिस की सहूलियत।

- सुप्रीम कोर्ट के फैसले से मनमानी पर लगेगा अंकुश




रायपुर, रविवार 9 नवंबर 2025

# हरिभूमि लाइव









अभ्यास सत्र में राइडर्स के स्टंट देख हैरत में पड़ गए दर्शक

## लाइव इवेंट

### संयुक्त राष्ट्र के शांति प्रयासों पर आईपीएस डॉ. संतोष सिंह की किताब प्रकाशित



**रायपुर।** पुलिस मुख्यालय में डीआईजी सीसीटीएनएस/एससीआरबी के रूप में पदस्थ आईपीएस डॉ. संतोष सिंह के संयुक्त राष्ट्र के शांति सुदृढ़ीकरण से जुड़े शोध विषय पर लिखित किताब का प्रकाशन दिल्ली के प्रतिष्ठित मानक पब्लिकेशन द्वारा किया गया है। डॉ. सिंह ने मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और डीजीपी अरुण देव गौतम को किताब की प्रति भेंट की। शीत युद्ध के बाद इक्कीसवीं सदी में दुनिया में हिंसाग्रस्त राष्ट्रों में शांति को चिरस्थाई बनाने के लिए संयुक्त राष्ट्र के शांति-रक्षा (पीस कीपिंग) और शांति-स्थापना (पीस मेकिंग) प्रयासों से आगे बढ़कर अपेक्षाकृत नए कार्य जैसे शांति-निर्माण या सुदृढ़ीकरण (पीस बिल्डिंग) कार्यों पर जोर देने की आवश्यकता हो गई है। इस सदी में संयुक्त राष्ट्र के यूएन पीसबिल्डिंग कमीशन के पर्यवेक्षण में किए जा रहे गृहयुद्ध से जूझ रहे देशों और युद्धग्रस्त क्षेत्रों में पीस-बिल्डिंग मिशन काम कर दुनिया में शांति प्रयासों को बहुत मजबूत कर रहे हैं। यह किताब दुनियाभर में चल रहे इन शांति प्रयासों के सिद्धांत और वास्तव में धरातल पर हो रहे कार्यों की समालोचना करती है।

#### छात्रों के लिए विशेष उपयोगी सिद्ध होगी किताब

श्री सिंह की यह किताब विदेशनीति के नीति-निर्धारकों, प्रैक्टिसनर्स व छात्रों के लिए विशेष उपयोगी सिद्ध होगी। देश के अंदर के हिंसाग्रस्त क्षेत्रों में भी स्थाई शांति स्थापित करने के लिए आवश्यक तत्वों की समझ बढ़ाने में मदद करेगी। उल्लेखनीय है कि भारत अंतर्राष्ट्रीय शांति व सुरक्षा बनाए रखने में संयुक्त राष्ट्रसंघ की सहायता करने में दृढ़ता के साथ प्रतिबद्ध है और विभिन्न देशों में कार्यरत शांति सेनाओं में दुनिया में सबसे बड़े योगदानकर्ताओं में से तीसरे नंबर पर है। 1950 से अब तक हमारे देश ने 49 शांति मिशनों में भाग लिया है तथा लगभग 2 लाख शांति सैनिकों का योगदान किया है। वरिष्ठ भारतीय पुलिस और सैन्य अधिकारी शांति मिशनों में भाग लेते हैं। डॉ. सिंह ने हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग से डॉक्टरेट की डिग्री और जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) नई दिल्ली से अंतर्राष्ट्रीय संबंध विषय में एमफिल और बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी (बीएचयू) वाराणसी से राजनीतिशास्त्र में एमए किया है। एम.फिल के दौरान संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में विकासशील देशों की भागीदारी पर उन्होंने शोध-प्रबंध लिखा था।

आज शाम 5 बजे आउटडोर स्टेडियम में बाइक रेसिंग चैम्पियनशिप, छत्तीसगढ़ और विदेशों के राइडर्स दिखाएंगे करतब

# 50 फीट की ऊंचाई पर राइडर्स ने छोड़ा हैंडल

सरदार बलबीर सिंह जुनेजा आउटडोर स्टेडियम में शनिवार की शाम बाइक रेसिंग चैम्पियनशिप के पूर्व अभ्यास के दौरान रोमांच देखने को मिला। छत्तीसगढ़ मोटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में देश के विभिन्न प्रदेशों के साथ ही विदेशी राइडर्स ने हिस्सा लिया। अभ्यास सत्र में ही शाम 6 बजने से पहले ही स्टेडियम दर्शकों से खचाखच भर चुका था। जैसे ही झंडी दिखाई गई, तेज रफ्तार बाइक्स ने ट्रैक पर उड़ान भरनी शुरू की। दर्शकों की तालियों और शोर के बीच राइडर्स ने एक से बढ़कर एक हैरतअंगेज करतब दिखाए। कई राइडर्स ने ट्रैक पर मौजूद बाधाओं को पार करते हुए 35 से 50 फीट तक की छलांगें लगाईं, जिसने मैदान में मौजूद हर दर्शक को रोमांचित कर दिया।





**रायपुर।** विदेशी राइडर्स ने जैसे ही 50 फीट ऊंचाई से जंप लगाया, स्टेडियम में मौजूद हर किसी की नजरें आसमान पर टिक गईं। हवा में बाइक से खुद को अलग कर इन राइडर्स ने ऐसा संतुलन दिखाया कि तालियों की गूंज देर तक बनी रही। इवेंट में अंडर-14 वर्ग की रेस ने भी सबका दिल जीत लिया। नन्हे राइडर्स ने अपने शानदार प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया। करीब दो घंटे तक चले इस स्टंट शो में राइडर्स ने लगातार ऐसे करतब दिखाए, जो दर्शकों के लिए यादगार बन गए। मोटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष उज्जवल दीपक ने बताया कि छत्तीसगढ़, भारत के अन्य राज्यों और विदेशों से आए प्रतिभागियों ने मिलकर रायपुर की शाम को रोमांच और उत्साह से भर दिया।

### ऊंचाई पर बाइक का हैंडल छोड़ा..

*स्पर्धा से पहले अभ्यास सत्र में विदेशी के साथ-साथ छत्तीसगढ़ के राइडर्स का भी दबदबा रहा। इस दौरान राइडर्स के अनोखे स्टंट को हर किसी ने कैमरे में कैद करना चाहा। राइडर्स ने कभी लंबी ऊंचाई पर बाइक का हैंडल छोड़ा तो कभी हैंडल पकड़े हुए शरीर को आसमान में लहरा दिया। कुछ राइडर्स ने तो ऊंचाई पर बाइक और खुद को अलग कर दिया था, लेकिन पलक झपकते ही फिर हाथों में बाइक आ गई और आसानी से नीचे ट्रैक पर चले आए। शाम से रात तक बाइक राइडर्स के ऐसे करतब लोग सांस थामे देखते रहे।*

### नन्हे बच्चों ने किया प्रभावित

*तेज रफ्तार से बाइक चलाने का शौक हर युवा को होता है और बाइक धीमी चलाने की नसीहत भी सभी को मिली होगी, मगर यदि कोई परिवार अपने बच्चे को तेज रफ्तार बाइक दौड़ाने को कहे और वह भी सिर्फ 9 से 12 साल की उम्र में तो हैरान होना लाजिमी है। स्पर्धा में ऊबड़-खाबड़ ट्रैक पर जैसे ही बाइक चलानी शुरू की तो सभी की नजर नन्हे राइडर्स पर टिक गई। कुछ राइडर्स गिरे, लेकिन फिर गाड़ी सीधी कर ट्रैक पर चलाना शुरू किया, जिसे देखकर दर्शकों ने ताली बजाकर उनका हौसला बढ़ाया।*



### विदेशी राइडर्स की लंबी छलांग

अभ्यास सत्र में प्रदेश के अलावा इंटरनेशनल राइडर्स ने ट्रैक पर अभ्यास किया। राइडर्स को ऊंचाई पर करतब दिखाते देख लोगों को लग रहा था कि संतुलन बिगड़ सकता है,



लेकिन राइडर बड़ी आसानी से टाइमिंग के साथ अपना करतब दिखा रहे थे। आज बाइक राइडर के बीच स्पर्धा होगी। शाम 5 से 9 बजे तक कार्यक्रम जारी रहेगा। छत्तीसगढ़ मोटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष उज्जवल दीपक ने बताया कि आज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस दौरान मंत्री व विधायक भी मौजूद रहेंगे।







## सिटी इवेंट

### एलईडी स्क्रीन पर बॉयोडाटा देखने के बाद बेटे-बेटियों का विवाह करने बातचीत शुरू



**रायपुर।** समय के साथ हर समाज में अब परिचय सम्मेलन की व्यवस्था को बेहतर किया जाने लगा है। इस कड़ी में छत्तीसगढ़ पंजाबी सनातन सभा ने शनिवार को युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन पंजाब केसरी भवन जोरा में किया। इसमें भाग लेने के लिए शनिवार को छत्तीसगढ़ सहित दूसरे राज्यों और शहरों से भी समाज के लोग बेटे-बेटियों की शादी करने के लिए रिश्ते तलाशने आयोजन का हिस्सा बनने के लिए परिवार के साथ पहुंचे। इस आयोजन में 150 परिवारों ने भाग लिया। सभा के अध्यक्ष जवाहर खन्ना की अगवाई में सुबह 10 बजे सम्मेलन का सिलसिला शुरू हुआ। युवक-युवतियों में लोगों के सामने शादी के लिए परिचय देने में संकोच का भाव होता है। इससे उन्हें बचाने के लिए उनके बायोडाटा को एलईडी स्क्रीन पर प्रसारित किया गया। इसके बाद अभिभावकों के बीच संवाद का दौर शुरू हुआ।

#### समाज को बेहतर माहौल में रिश्ता तलाशने मंच

सामाजिक सरोकार से जुड़े समाज के लोगों की मौजूदगी में रिश्ता तलाशने के लिए मंच देने का दायित्व समाज के द्वारा हर साल निभाया जाता है। इस कड़ी में बेहतर माहौल देने में समाज की महिलाओं ने भी दायित्वों का निर्वहन करते हुए, जिन युवक या युवती के बारे में जानकारी मांगी गई। ऐसे अभिभावकों को मिलाने में महिलाओं ने सहयोग दिया, ताकि दूरदराज से आए परिवारों को बेटे-बेटियों के लिए अच्छा रिश्ता मिल सके। इसके लिए जरूरी जानकारी देने में भी समाज प्रमुखों ने सहयोग किया।

#### समाज की महिलाएं बनीं संवाद की अहम कड़ी

इस परिचय सम्मेलन को सफल बनाने के लिए सुरेश वाही, सुनील जग्गी, रमेश बजाज, सुदेश लांबा ने व्यवस्था की कमान संभाली। शशि दुरेजा, सुधा भटनागर, विभूति अरोरा, मिताली गुप्ता की टीम ने दूसरे राज्यों और शहरों से आए अभिभावकों को संवाद से जोड़ने में अहम कड़ी की तरह काम किया। सभी के लिए भोजन और चाय का इंतजाम किया गया। बाहर से आए लोगों के लिए रहने की सुविधा भी भवन में दी गई। सम्मेलन में 150 से अधिक परिवारों ने भाग लिया। इनमें ज्यादातर रिश्तों को लेकर बातचीत का सिलसिला शुरू हुआ।

अभ्यर्थियों को विशेषज्ञों की सलाह-साक्षात्कार से पहले आत्मविश्वास और कम्युनिकेशन स्किल पर करें फोकस

# साक्षात्कार की तैयारी : करेंट अफेयर्स रखें मजबूत, जवाब से पहले सवाल समझना जरूरी, बायोडाटा से हो सकती है शुरुआत

कार्नर न्यूज

राज्य के कठिन परीक्षा में शामिल सीजी पीएससी मुख्य परीक्षा का परिणाम जारी होने के बाद अब केवल अंतिम चरण में प्रतिभागियों का चयन करना शेष रह गया है। इस वर्ष कुल 246 प्रतिभागी साक्षात्कार के लिए चयन किए गए हैं, जो 10 से 20 नवंबर को साक्षात्कार के लिए शामिल होंगे। इससे पहले प्रतिभागियों के मन में बेहतर परिणाम को लेकर तनाव अधिक है। ऐसे में साक्षात्कार के विशेषज्ञ और प्रतिक्षकों ने हरिभूमि से बातचीत कर मुख्य तैयारी की जानकारी दी, ताकि कम समय में प्रतिभागियों को बेहतर सुझाव मिल सकें।



### कुछ इस तरह से हो सकता है प्रश्नों का सिलसिला

- परिवारिक
- हॉबी क्या है?
- पढ़ाई और हॉबी से संबंधित सवाल?
- राज्य प्रशासनिक सेवा में आप क्यों आना चाहते हैं?
- अगर आपको अधिकारी बनाया जाए तो पहले पांच कार्य क्या करेंगे?

### 10-15 मिनट का इंटरव्यू सेशन

*विशेषज्ञ केएम अग्रवाल ने बताया कि साक्षात्कार से पहले प्रतिभागियों के मन में काफी उलझनें रहती हैं, ऐसे में खुद को शांत रखें। लगभग 10-15 मिनट का एक सत्र होता है, इस दौरान कई सवाल आपसे पूछे जाएंगे। यहां सबसे जरूर बॉडी लैंग्वेज और सवालों का जवाब देने का तरीका है, जिससे आप विशेषज्ञों से बेहतर अंक हासिल कर सकते हैं।*

**रायपुर।** बातचीत के दौरान प्रशिक्षकों ने बताया कि मॉक इंटरव्यू के वक्त अगर अभ्यर्थी को सवाल का सही जवाब न आए तो वह अपनी गलती स्वीकार सकता है। इससे वह विशेषज्ञों के समक्ष अपनी ईमानदारी साबित कर सकता है। अक्सर यह देखा गया है कि अभ्यर्थी अपनी गलती नहीं मानते और झूठ कहते हैं। वे भूल जाते हैं कि विशेषज्ञों को सालों का अनुभव होता है, इसलिए सटीक और सहज रूप से जवाब दें।

### जल्दबाजी में गलत जवाब देते हैं ज्यादातर प्रतिभागी

प्रशिक्षक देवलाल साहू ने बताया कि प्रतिभागी अपने क्षेत्र के नजदीक स्थित पर्यटन स्थल, ऐतिहासिक धरोहर, सांस्कृतिक, स्वास्थ्य, पुरातात्विक और प्राचीन मंदिरों की जानकारी जरूर रखें। इन बिंदुओं से सबंधित आपसे शुरुआत सवाल पूछे जा सकते हैं। साथ ही प्रश्नों का जवाब देने से पहले बातों को समझें, फिर जवाब दें। अक्सर लोग जल्दबाजी में गलत जवाब देते हैं।

### सवालों के पांच क्राइटेरिया

*सवाल-जवाब के लिए निश्चित किताब तय नहीं होती कि विशेषज्ञ आपसे किस तरह के सवाल पूछने वाले हैं, इसलिए पांच मुख्य क्राइटेरिया के आधार पर आप तैयार कर सकते हैं। इसमें बायोडाटा आधारित सवाल, छत्तीसगढ़ के रजत जयंती पर विशेष, करेंट अफेयर्स, विश्व स्तरीय प्रश्न और अंत में आपके द्वारा जवाब के अनुसार सवाल बनाकर पूछा जाएगा। इस वर्ष छत्तीसगढ़ का रजत जयंती वर्ष होने के कारण, लगभग अब तक की सफलता व कार्यों से संबंधित प्रश्न पूछे जा सकते हैं।*

### पॉजिटिव कॉन्फिडेंस से छाप छोड़ने का प्रयास करें

*काउंसलर अजीत वरवंडकर ने बताया कि साक्षात्कार के वक्त तीन बातों का विशेष ध्यान रखें। पहला क्वालिटी आप ज्यादा सवालों के जवाब देने से बेहतर, अच्छे शब्दों के साथ सटीक और संतुष्ट करने वाले जवाब तैयार करें। दूसरा ऑनेस्ट, अगर किसी सवाल का जवाब न आता हो तो झूठ न बोलें, विशेषज्ञों से सच कहें (यह आपके ईमानदार स्वभाव को दर्शाता है)। तीसरा कॉन्फिडेंस, यह आपके जीवन की एकमात्र सफलता नहीं है, इसलिए शांत मन में इंटरव्यू देने पहुंचें। अपने पॉजिटिव कॉन्फिडेंस से विशेषज्ञों के बीच छाप छोड़ने का प्रयास करें।*

### चेहरे पर संतोषजनक मुस्कान रखें

*साक्षात्कार के दौरान कमरे के अंदर प्रवेश से पहले आपके चहरे पर एक संतोषजनक मुस्कान होनी चाहिए, ताकि विशेषज्ञों के बीच आप खुद को कम्फर्ट जोन दे सकें। उन्हें डर या किसी प्रकार का तनाव आपके चेहरे पर नहीं दिखना चाहिए। साथ ही इंटरव्यू के दौरान नजर चुराकर बात नहीं करना है, सामने देखकर, कॉन्फिडेंस से बात करें।*

## धर्म लाइव

# हिंद की चादर गुरु तेगबहादुर साहिब के शहीदी वर्ष पर किया सामूहिक पाठ



**रायपुर।** हिंद की चादर गुरु तेगबहादुर के 350वें शहीदी शताब्दी वर्ष को समर्पित एक अद्भुत आयोजन शनिवार को रायपुर में किया गया। इसमें लगभग 8000 स्कूली बच्चों ने एक साथ बैठकर "श्लोक महल्ला 9वां" का सामूहिक पाठ किया। धार्मिक मर्यादा व अनुशासन के साथ किए गए पाठ का एक अभूतपूर्व रिकॉर्ड बना। इसमें बतौर मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, बलदेव सिंह भाटिया, अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा मौजूद थे। मंच पर महापौर मधुसूदन यादव, खूबचंद पारख, कोमल राजपूत, बहादुर अली, रूबी गरचा, सुखबीर सिंह, छतबीर सिंह, मिक्की चावला सहित कई अतिथियों की उपस्थिति ने आयोजन को गरिमामय बनाया।

### एकता, साहस और सेवा का मार्ग दिखाया

इस आयोजन में बच्चों की सहभागिता और शांति, श्रद्धा एवं समरसता का वातावरण देखकर सभी अतिथिगणों ने गुरु परंपरा की महानता को नमन किया। कार्यक्रम का सफल आयोजन गुरु की संगत वेलफेयर सोसाइटी द्वारा किया गया। इस अवसर पर अमरजीत सिंह छाबड़ा ने कहा कि श्री गुरु तेगबहादुर का जीवन और बलिदान संपूर्ण मानवता के लिए प्रेरक है। उनका संदेश धर्म की रक्षा, सत्य की स्थापना और सबके प्रति करुणा आज भी उतना ही प्रासंगिक है। हिंद की चादर गुरु तेगबहादुर साहिब को नमन करते हुए उनकी शहादत को सदा-सर्वदा मानवता को एकता, साहस और सेवा का मार्ग दिखाती रहेगी।

## आराधना

# परमात्मा को प्राप्त करने से बड़ा वैभव संसार में कोई दूसरा नहीं



**रायपुर।** गुरु चरणों की धूल को जो अपने सिर पर धारण करते हैं, ऐसे लोग संसार के सभी वैभव को अपने वश में कर लेते हैं। यहां तक की परमात्मा को प्राप्त कर लेते हैं। यह बात व्यासपीठ से अनंतश्री विभूषित स्वामी सियाराम शरण दास महाराज ने दूधाधारी मठ सत्संग भवन में श्रोताओं के बीच शनिवार को कही। श्रीरामकथा का रसपान कराते हुए कहा कि जब मन में अभिमान आते हैं तो भगवान चले जाते हैं। ईश्वर को अभिमान से द्वेष हो जाता है, उन्हें तो दीनता प्रिय है। तुलसी अपने राम को रीझ भजो या खीझ।। यहां रामकथा में कोई उल्टा बैठा है या सीधा, इसका महत्व नहीं है। महत्व इस बात का है कि वह रामकथा में मन से उपस्थित हुआ या नहीं। समय से ज्यादा महत्वपूर्ण वस्तु इस संसार में कुछ नहीं हो सकती।

### खाली हाथ संसार में आना और खाली हाथ जाना

हम कब मर जाएंगे, इसे कोई नहीं जान सकता है। कुछ भी साथ नहीं जाता है, क्योंकि खाली हाथ संसार में आना और जाना ही सत्य है। श्री रामचरितमानस में नारी जाति का जितना सम्मान हुआ है, उतना संसार के किसी ग्रंथ में नहीं। जिन मूर्खों ने विधिवत अध्ययन नहीं किया है, वे इसकी निंदा करते हैं। उन्होंने कहा कि अरे मन तू राम का भजन क्यों नहीं करता? यह कलि काल मलायतन, मन करि देखु बिचार। रघुनाथ नाम ताजि। नाहिन आन आधार। संगीतमय कथा में जैतूसाव मठ पुरानी बस्ती रायपुर, नागरीदास मंदिर, महामाया मंदिर, बिरंचीनारायण मंदिर, राजीव लोचन ट्रस्ट कमेटी राजिम सहित शहर एवं आसपास के आध्यात्मिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक क्षेत्र से जुड़े हुए लोग भी शामिल हुए।

## समाज इवेंट

# शोभायात्रा के साथ संतों का स्वागत आज दिव्य सत्संग में जुटेगा समाज

**रायपुर।** चकरभाटा के झूलेलाल धाम के प्रमुख, संत साईं लालदास के दिव्य सत्संग महोत्सव के साथ भगवान झूलेलाल की कथा रविवार को न्यू राजेंद्र नगर केनाल रोड के पास स्थित 56 फीट ऊंची भगवान झूलेलाल की मूर्ति के पास होगी। सफल संचालन के लिए कार्यों का विभाजन करते हुए समितियां भी बनाई गई हैं। बाबा गुरमुखदास सेवा समिति द्वारा लगातार 20वें वर्ष भी संत शिरोमणि सांई लालदास द्वारा एक दिवसीय भगवान झूलेलाल कथा का आयोजन झूलेलाल मंदिर परिसर में किया जा रहा है। समिति के सेवादारी सुभाष बजाज, सुनील रामवानी, नरेश भोजवानी और गुरमुखदास आहूजा ने बताया कि 9 नवंबर को साईं लालदासजी द्वारा दिव्य सत्संग किया जाएगा। उनके आगमन पर शाम 7 बजे द्रोणाचार्य स्कूल के सामने संत साईं लालदास का भव्य स्वागत किया जाएगा।



### भक्ति से सभी इच्छापूर्ति का बताएंगे मार्ग, जुटेगा समाज

भव्य शोभायात्रा द्रोणाचार्य स्कूल से शुरू होने के बाद आयोजन स्थल पहुंचेगी। बाबा गुरमुखदास समिति महिला विंग द्वारा पुष्पवर्षा एवं साईंजी की आरती की जाएगी। इसके बाद भगवान झूलेलाल की प्रतिमा के समीप दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की जाएगी। रात 8 बजे सतगुरु सांई लालदास अपनी अमृतवाणी से भक्तों को निहाल करेंगे। सत्संग के बाद भगवान झूलेलाल की आरती और दिव्य प्रसादी का आयोजन किया जाएगा। साईं लालदास न केवल रायपुर, छत्तीसगढ़ बल्कि पूरे देश और विदेश में भी सिंधी संस्कृति एवं धर्म का प्रचार करते हैं। साथ ही शनिवार 22 नवंबर को शुरू होने वाले चालीहा महोत्सव की महिमा एवं भक्ति से समस्त इच्छापूर्ति का मार्ग बताएंगे।

---

● राजधानी में कई ऐसे भवन, जिनकी बुकिंग मांगलिक आयोजन के लिए नौ महीने पहले करा चुके लोग, फरवरी तक के लिए बुक

# महंगे किराए की मार से बचा रहे हाईप्रोफॉइल सुविधा वाले कई भवन, दो दिन का ले रहे 2.50 लाख और बिजली बिल

'शादी-सगाई और सरोकार से जुड़े आयोजनों के लिए बड़े होटलों और मैरिज हाल का भारी-भरकम किराया देना हर किसी के बस की बात नहीं है। ऐसे दौर में हाईप्रोफॉइल शादी का सपना संजोने वाले मध्यमवर्गीय परिवार से जुड़े माता-पिता मारुति मंगलम, निरंजन दास धर्मशाला, अग्रसेन धाम जैसे भवनों का रुख करते हैं। किराए के मकान में रहने वाले परिवारों के लिए यह राहत और सुविधा देने वाले भवन हैं। देवउठनी एकादशी से जहां मांगलिक और शुभ कार्यों का सिलसिला शुरू हुआ है, वहीं पहले आएं, पहले पाएं बेस्ड सुविधा देने वाले भवनों को लोगों ने नौ महीने पहले से बुक करा लिया है। फरवरी तक राहत देने वाले भवनों का शेड्यूल तय हो चुका है।'



### सर्व समाज को आयोजन के लिए देते हैं भवन

सर्व समाज को मांगलिक, धार्मिक और सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यों के लिए छोकरानाला स्थित अग्रसेन धाम में लॉन, हॉल सहित भवन की सुविधा बहुत ही नॉमिनल दरों पर दी जाती है। इस तरह की पहल रायपुर अग्रवाल सभा के प्रयासों से की जा रही है। समाज के अध्यक्ष विजय अग्रवाल ने बताया कि मांगलिक आयोजनों के लिए वर्तमान में यहां 82 कमरे हैं। सर्व सुविधायुक्त कमरों सहित भवन दो दिनों के लिए 2.50 लाख में देते हैं। इसे देखते हुए वर्तमान वैवाहिक सीजन में फरवरी तक भवन का शेड्यूल तय है। सरोकार से जुड़े काम के लिए शुल्क में राहत भी दी जाती है। समाज के लोगों को भी तय मानकों के तहत ही भवन बुकिंग की सुविधा दी जाती है।

**रायपुर।** राजधानी के अलग-अलग क्षेत्र में रहने वाले लाखों परिवार ऐसे हैं, जो किराए के मकानों में रहते हैं। जिन लोगों ने मकान बनवा भी लिए, उनके पास भी मांगलिक आयोजन के लिए पर्याप्त जगह और आने वाले मेहमानों को रहने की सुविधा देने के लिए कमरे नहीं हैं। इनमें एक बड़ा वर्ग है, जो प्राइवेट मैरिज पैलेस और बड़े होटलों का किराया देने की स्थिति में नहीं है। ऐसे लोगों के साथ ही समाज के लोगों को भी हाईप्रोफॉइल मैरिज




हाल और भवनों की सुविधा लंबे अरसे से वीआईपी रोड स्थित निरंजन दास धर्मशाला में दी जा रही है। इसके प्रमुख सुभाष अग्रवाल ने बताया कि शादी-सगाई सहित सरोकार से जुड़े आयोजनों के लिए भवन की सुविधा सर्व समाज को देने के लिए प्रयास किया जाता है। फरवरी तक के लिए नौ महीने पहले से ही लोगों ने बुकिंग करा ली है। किराया नहीं लेते हैं, बिजली बिल और मेंटेनेंस का नॉमिनल चार्ज जमा करने का प्रावधान है। लोगों को भवन की सुविधा पहले आएं पहले पाएं की तर्ज पर देते हैं।

### फरवरी तक के लिए भवन का शेड्यूल तय




लोगों को भवनों और मैरिज हॉल के भारी-भरकम किराए की मार से बचाने की मंशा से छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज ने नरदहा में वैवाहिक एवं सामाजिक बड़े आयोजनों के लिए भवन की सुविधा देता है। केंद्रीय अध्यक्ष खोडस राम कश्यप ने बताया कि अभी भवन में 11 सर्व सुविधायुक्त कमरे हैं। इसके अलावा 200 वर्गफीट एरिया में एक शेडयुक्त हॉल है। रिसेप्शन एवं वैवाहिक आयोजन के लिए अलग-अलग व्यवस्था की गई है। पार्किंग के लिए पर्याप्त स्पेस मिलने से भवन की पूछपरख ज्यादा रहती है। सर्व समाज के लिए इसे उपलब्ध कराया जाता है। एक दिन का किराया 50 हजार रुपए तय किया गया है। इस सीजन में फरवरी तक के लिए शेड्यूल तय है।

### हाईप्रोफॉइल शादियों के लिए पहले से बुकिंग

गुढ़ियारी क्षेत्र में हाईप्रोफॉइल आयोजनों और मांगलिक कार्यों के लिए लोग मारुति मंगलम को पहले आएं पहले पाएं की तर्ज पर बुकिंग दी जाती है। प्रमुख ट्रस्टी शैलेंद्र कुमार दुगड़ ने बताया कि भवन में 32 डबल बेड की सुविधा वाले कमरे हैं। इसके अलावा 8 छोटे हॉल, एक बड़ा ओपन लॉन, हाई-टी के लिए दो लॉन सहित पार्किंग के अलावा 1800 वर्गफीट में निर्मित किचन भी है। सर्व समाज को इस भवन में आयोजन की सुविधा दी जाती है। एक दिन के लिए बुक करने पर एक लाख रुपए के साथ बिजली बिल लेने का प्रावधान है। दो दिन के लिए बुकिंग पर 1.75 लाख रुपए किराए के अलावा बिजली बिल की राशि ली जाती है। फरवरी तक के लिए भवन बुक है।

# चातुर्मास पूर्ण, 700 किमी पैदल विहार कर शिखरजी के लिए रवाना

**रायपुर।** जैन समाज के साधु-संतों के वर्षायोग चातुर्मास के समापन के बाद आर्यिका माताजी दुर्लभमति, अक्षयमति एवं निर्मदमति सहित 11 साध्वी संघ ने भिलाई त्रिवेणी मंदिर से शिखरजी तीर्थ झारखंड के लिए पैदल विहार प्रारंभ किया। संघ 6 नवंबर की प्रातः बेला में रवाना हुआ। यह लगभग 700 किलोमीटर लंबी पदयात्रा दिसंबर माह के अंत तक शिखरजी पहुंचेगी। उनके साथ 25 पदयात्री सदस्य भी विहार कर रहे हैं।

प्रस्थान से पहले नेहरू नगर जैन मंदिर में आर्यिका अक्षयमति एवं निर्मदमति माताजी के सान्निध्य में चतुर्थ तीर्थंकर संभवनाथ भगवान का जन्म कल्याणक महोत्सव



धूमधाम से मनाया गया। भक्तों ने असंभव को संभव बनाने की भावना के साथ अनुष्ठान किया और संघ के मंगल विहार की सफलता के लिए अर्घ समर्पित किए। प्रातःकाल मंदिर में तीर्थंकर पारसनाथ भगवान का अष्टानिका पर्व के अंतिम दिन महामस्तकाभिषेक और विशेष पूजन हुआ। इस अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे। भक्तों ने भाव-विभोर होकर आर्यिका संघ को विदा किया और मंगल कामना की कि यह विहार सिद्धभूमि शिखरजी तक सफलतापूर्वक संपन्न हो।

**युवाओं में दिखा त्याग, अनुशासन और समर्पण का भाव :** माता ने अंतिम उद्बोधन में कहा कि इस चातुर्मास में हमने सीमित धर्मलाभ दिया, पर भिलाई के युवाओं में जो त्याग, अनुशासन और समर्पण देखा, वही समाज की शक्ति है। ऐसी धर्म भावना निरंतर बनी रहे। समाज के अध्यक्ष मनीत जैन ने पुनः अगले वर्ष भी चातुर्मास करने का आग्रह किया।

# कालिदास समारोह में मॉडर्न आर्ट चित्रकार की पेंटिंग का चयन

**रायपुर।** मॉडर्न आर्ट चित्रकार डी.एस. विद्यार्थी की पेंटिंग का चयन राष्ट्रीय कालिदास समारोह उज्जैन में हुआ है। वर्तमान में देशभर से आए प्रसिद्ध कलाकारों के पेंटिंग की प्रदर्शनी यहां जारी है। इस वर्ष छत्तीसगढ़ राज्य से वे पहले कलाकार हैं जिनका चयन इस प्रतिष्ठित समारोह में हुआ है। वहीं कालिदास अकादमी ने उनकी पेंटिंग को आमंत्रण पत्र पर प्रकाशित करके उनकी कला को विशिष्ट सम्मान दिया है। सेवानिवृत चित्रकार डी.एस. विद्यार्थी अपनी शोख एवं चटख रंग की पेंटिंग



के लिए जाने जाते हैं। डीएस विद्यार्थी भारतीय पारंपरिक कला गीता के 700 श्लोकों पर भी पेंटिंग बना रहे हैं। उज्जैन का कालिदास समारोह अपने भारतीय पारंपरिक कला के लिए पूरे देश में जाना जाता है। इस वर्ष यहां महाकवि कालिदास रचित प्रसिद्ध नाटक मालविकाग्निमित्रम पर चित्र और मूर्ति बनाने के लिए कलाकारों से प्रविष्टियां आमंत्रित की गई थी। जिसमें विद्यार्थी ने विषयानुकूल अत्यंत ही मनोहारी पेंटिंग का चित्रण किया है। डीएस विद्यार्थी भारतीय पारंपरिक कला गीता के 700 श्लोकों पर भी पेंटिंग बना रहे हैं। अपनी कलाकृतियों का प्रदर्शन वे देश के अनेक शहरों में करते रहे हैं। छत्तीसगढ़ के धुर नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में वे वर्षों से बच्चों को निशुल्क कला सिखाते आ रहे हैं।

# शैक्षणिक भ्रमण में थ्री-डी प्रिंटिंग और बैग निर्माण को समझा




**रायपुर।** पं. हरिशंकर शुक्ल स्मृति महाविद्यालय में छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण में बीसीए, बी-कॉम, बीए और बीएससी के छात्रों को केंद्रीय पेट्रोकेमिकल इंजीनियरिंग एवं टेक्नोलॉजी संस्थान का भ्रमण कराया गया। जहां छात्रों ने संस्थान के थ्री-डी प्रिंटिंग, बैग निर्माण, इनोवेशन, बॉटल निर्माण, लैब जैसे कई इकाईयों से जानकारी एकत्र की और प्रत्येक विभाग में संचालित कार्यों को समझने का प्रयास किया है।

### केंद्रीय पेट्रोकेमिकल संस्थान में आयोजन

*महाविद्यालय के छात्रों को एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैन सुशील शुक्ला ने छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और कहा कि इस तरह के प्रयास छात्रों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्राध्यापक दोलेश्वर केशरवानी, योगेश सोनी, डॉ. निधि मिश्रा और रंजू प्रमोद उपस्थित रहे। कार्यक्रम में छात्रों ने विभिन्न सत्रों में भाग लिया और अपने ज्ञान व कौशल को और निखारने का प्रयास किया है।*

---

एनआईटी और रूंगटा के छात्रों का सफल प्रयास, एआई टूल्स की मदद से तैयार किया एप

# तकनीक की मदद से खोजा समस्या का समाधान, मरीज की हालत बिगड़ी तो एआई सिस्टम तुरंत भेजेगा अलर्ट कॉल

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** बदलते वक्त के साथ अब स्वास्थ्य क्षेत्र में तकनीकी नवाचार तेजी से बढ़ रहे हैं। इन सफल प्रयोगों से मरीजों का इलाज और भी आसान होता जा रहा है। अब डॉक्टरों को मरीजों की दिनचर्या या परिस्थितियों का आकलन करने के लिए दूसरे शहर जाने की जरूरत नहीं होगी, वे अपने मोबाइल में मौजूद जानकारी के आधार पर मरीजों का इलाज कर सकेंगे। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से एनआईटी रायपुर और रूंगटा भिलाई के छात्रों ने नई उपलब्धि हासिल की है। दो दिनों के भीतर छात्रों ने शानदार प्रयास करते हुए ऐसी तकनीक विकसित की है, जो स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सरल और सुलभ बनाएगी। उनका यह नवाचार डॉक्टरों और मरीजों के बीच दूरी घटाने की दिशा में बड़ी पहल माना जा रहा है। नवाचार के क्षेत्र में एनआईटी के छात्रों ने नया मुकाम हासिल किया है, जहां एआई की मदद से कई इनोवेटिव आइडियाज प्लान तैयार किए। संस्थान द्वारा संचालित प्रतियोगिता में छात्रों को स्वास्थ्य, वित्तीय, कृषि जैसे कई क्षेत्रों में एआई की मदद से एप्लिकेशन तैयार करने की चुनौती दी गई, ऐसे में इंजीनियरिंग के छात्रों ने वर्तमान समय के कठिन काम को सरल बनाने का प्रयास किया है।




### 48 घंटों में तैयार हुआ त्वचा रोग पहचान का एआई एप

एनआईटी के छात्रों ने मात्र 48 घंटों में ऐसा कंप्यूटर प्रोग्राम तैयार किया है, जो शरीर के अंदर छिपी बीमारियों की पहचान कर सकता है। यह तकनीक खासतौर पर त्वचा रोग (डर्मेटोलॉजी) से संबंधित बीमारियों को पहचानने में मदद करेगी। मेटलर्जी और मटेरियल इंजीनियरिंग विभाग के छात्र अब्दुल्ला शेष, राजिउल्लाह अंसारी, कंप्यूटर साइंस विभाग से खुशबू जैन और इंद्रेश वर्मा ने इसे मिलकर तैयार किया। उन्होंने बताया कि यह प्रोग्राम 85 से 95 प्रतिशत तक सटीक परिणाम दे सकता है। मोबाइल एप्लिकेशन में मरीजों का हेल्थ इम्प्रूवमेंट, दवाईयों का सूची और शरीर में फैली बीमारियों की इमेज होगी, इससे समय के साथ-साथ दवाई का असर और सुधार देखा जा सकता है।




### इनवॉइस मैनेजमेंट सिस्टम से अकाउंट संभालने का काम आसान

एनआईटी के कंप्यूटर साइंस और इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी विभाग के छात्रों ने एआई की मदद से इनवॉइस मैनेजमेंट सिस्टम तैयार किया। इससे छोटी से बड़ी कंपनियों तक में होने वाले दैनिक खर्च, पूंजी, पेमेंट और उधार जैसे वित्तीय कार्यों को केवल कुछ मिनटों में मैनेज करना संभव हो जाएगा। छात्र सुजर अहर, शिवांक बरनवार, अभिनव मिश्रा और ऐश्वर्या गुप्ता ने मिलकर यह तैयार किया है। पहले सीए को बड़ी कंपनियों के खर्च का हिसाब लगाने और बैलेंसशीट तैयार करने के लिए लंबा समय देना पड़ता था। अब इस सिस्टम की मदद से बिल को ई-मेल आईडी से जोड़कर दैनिक और पुराने खर्च का विवरण तुरंत निकाला जा सकता है। ऐसे में जीएसटी से जुड़े दस्तावेजों का रखरखाव और मेंटेनेंस भी अब मिनटों में संभव हो जाएगा।

### एआई पॉवर ब्लडप्रेशर मैनेजमेंट सिस्टम

रूंगटा कॉलेज भिलाई के कंप्यूटर साइंस विभाग के छात्रों ने एआई पॉवर ब्लड प्रेशर मैनेजमेंट सिस्टम बनाया, जिसका उद्देश्य डॉक्टर और मरीजों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करना है। इस सिस्टम से चिकित्सकों को मरीजों का ब्लडप्रेशर, पल्स और दवाईयों की पूरी जानकारी तुरंत मिल सकेगी। छात्र सार्थक श्रीवास्तव, अनीतू सागर और हार्दिक पवार ने बताया कि यह एप्लिकेशन मरीजों की स्थिति का पता लगाकर उन्हें सही सलाह और उपचार संबंधी निर्देश भी देता है। अगर मरीज की तबीयत अचानक बिगड़े तो यह सिस्टम उनके इमरजेंसी कॉन्टेक्ट को तुरंत अलर्ट कॉल भेज सकता है। साथ ही एप्लिकेशन में मरीज की मेडिकल हिस्ट्री को भी देखा जा सकता है। इसमें एआई एजेंट भी है, जो मरीजों की बात सुनकर उन्हें समय पर दवाई लेने और स्वास्थ्य संबंधी जरूरी निर्देश देने में मदद करता है।



## सिटी स्पोर्ट्स

### सीनियर नेशनल सॉफ्ट टेनिस में छत्तीसगढ़ को दोहरा कांस्य पदक



**रायपुर।** श्रीनगर जम्मू कश्मीर में एक से छह नवंबर तक आयोजित 22 वीं सीनियर नेशनल सॉफ्ट टेनिस चैम्पियनशिप में 25 राज्यों की टीम ने भाग लिया। जिसमें छत्तीसगढ़ बालिका सॉफ्ट टेनिस टीम को पहले मैच में हरियाणा के नहीं आने से वॉक ओवर मिला। दूसरे मैच में छत्तीसगढ़ बालिका टीम ने जम्मू-कश्मीर की टीम को सिंगल और डबल में तीन शून्य से हराया और टीम क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं। छत्तीसगढ़ बालिका टीम ने गुजरात को फर्स्ट डबल में 3-0 से हराया परन्तु सिंगल में छत्तीसगढ़ की अफशां 2-1 से परास्त हो गयी। रिवर्स डबल में छत्तीसगढ़ की बालिका टीम ने गुजरात की टीम को 3-0 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। जहां छत्तीसगढ़ बालिका टीम ने तमिलनाडु से डबल और सिंगल हार कर कांस्य पदक प्राप्त किया। छत्तीसगढ़ बालिका टीम में चंचल सारथी, जितेशवरी साहू, पुर्णिमा फरिकार, यामिनी निषाद, बरखा रानी गौड़,दिलेश्वरी तांडी, अफशां और रीमा थी। इसी तरह मिक्स टीम इवेंट में छत्तीसगढ़ बालक और बालिका टीम अपने पहले मैच में आंध्रप्रदेश के विरुद्ध दोनों डबल जीत कर क्वाटर फाइनल में पहुंचीं। यहां छत्तीसगढ़ बालक और बालिकाओं ने महाराष्ट्र को हराकर कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में बालको को बिहार ने पहले डबल में परास्त कर बढत बना ली। फिर छत्तीसगढ़ बालिकाओं ने बिहार की बालिकाओं को डबल में हराकर मैच को बराबरी में ला दिया। किन्तु मिक्स डबल में छत्तीसगढ़ टीम परास्त हो कर कांस्य पदक हासिल कर पाई। यह जानकारी सॉफ्ट टेनिस एसोसिएशन के महासचिव प्रमोद सिंह ठाकुर ने दी टीम के कोच दिलीप विश्वकर्मा और रवि शंकर धनगर थे। सीनियर नेशनल चैम्पियनशिप में दो कांस्य पदक प्राप्त करने पर अध्यक्ष अनिल पुसदकर, रुपेन्द्र सिंह चौहान, संजय शुक्ला, उमेश सिंह ठाकुर और अजय राय ने हर्ष जताया है।

### रायगढ़ एवं जांजगीर अंडर-14 के फाइनल में



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ की ओर से अंडर 14 प्लेट ग्रुप एक दिवसीय अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता में शनिवार को सेमीफाइनल मैच के मुकाबले हुए। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर-1 में टीम दुर्ग के विरुद्ध रायगढ़ ने 75 रन से जीत हासिल की। बल्लेबाजी में रायगढ़ टीम 167 रन पर आउट हो गई। अनमोल भारती ने नॉट आउट 71 रन और शौर्य पांडे ने 28 रन बनाए। गेंदबाजी में दुर्ग के विशाल मेहता ने 3 विकेट लिए। बल्लेबाजी में दुर्ग की टीम 92 रन पर आउट रही। हितेश देवांगन ने नॉट आउट 45 रन बनाए। गेंदबाजी में रायगढ़ के चंद्र प्रकाश साहू ने तीन विकेट लिए। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सिविक सेंटर में दूसरे सेमी फाइनल में टीम धमतरी के विरुद्ध जांजगीर चांपा ने 11 रन से जीत हासिल की। बल्लेबाजी में जांजगीर चांपा की टीम 137 रन पर आउट हो गई। अमन ओरान ने नॉट आउट 49 रन बनाए। गेंदबाजी में धमतरी के कृष चंदन ने पांच विकेट लिए। बल्लेबाजी में धमतरी की टीम 126 रन पर आउट हुई। प्रिंस कुमार ने 48 रन बनाए। गेंदबाजी में जांजगीर चांपा के मोहम्मद असद ने पांच विकेट लिए। फाइनल मैच 9 नवंबर रविवार को बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सिविक सेंटर में रायगढ़ एवं जांजगीर चांपा के मध्य खेला जाएगा।

### भारतीय बॉल बैडमिंटन टीम का चयन हुआ दिल्ली में



**भिलाई।** भारतीय बॉल बैडमिंटन महासंघ के तत्वावधान में एवं दिल्ली बॉल बैडमिंटन संघ के द्वारा भारतीय बॉल बैडमिंटन टीम ( पुरूष व महिला ) के चयन के लिए दो दिवसीय चयन प्रतियोगिता (ट्रायल) स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स विकासपुरी,दिल्ली में आयोजित की गई। जिसमें देशभर के विभिन्न राज्यों से लगभग 200 पुरुष व महिला बॉल बैडमिंटन खिलाड़ियों ने भाग लिया। चयन प्रतियोगिता के प्रदर्शन के आधार पर चयनित पुरुष व महिला बॉल बैडमिंटन खिलाड़ी भारतीय बॉल बैडमिंटन टीम का प्रतिनिधित्व भारत, नेपाल,मलेशिया, श्रीलंका में आयोजित होने वाली विभिन्न अंतरराष्ट्रीय बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता में करेंगे। चयन प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों ने आज भारत सरकार के विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल के दिल्ली स्थित आवास पर मिलकर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सभी बॉल बैडमिंटन खिलाड़ियों को आने वाले अंतरराष्ट्रीय बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता में भारतीय टीम की ओर से सहभागिता के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर भारतीय बॉल बैडमिंटन महासंघ के महासचिव वाई.राजा राव,संरक्षक जेपी व्यास, संयुक्त सचिव गौरी शंकर, शौकत अली मंसूरी, दिल्ली बॉल बैडमिंटन संघ के सचिव अनूप कुमार उपस्थित थे।

सामान्य सर्दी खांसी लंबे समय तक चले तो उचित परामर्श लेना जरूरी

# इस मौसम की कैसी भी सर्दी-खांसी को हल्के में ना लें, हो सकता है निमोनिया

निमोनिया एक फेफड़े का संक्रमण है जो इलाज न मिलने पर गंभीर हो जाता है। यहां जानिए निमोनिया होने पर क्या लक्षण नजर आते हैं। निमोनिया की समस्या से तो आप सब वाकिफ होंगे। ज्यादातर ये छोटे बच्चों में देखने को मिलती है। बचपन में शायद आप भी इससे गुजरे हों। ये सांस से जुड़ा एक गंभीर रोग है जो पांच साल से कम उम्र के बच्चों में मौत का प्रमुख संक्रामक कारण बना हुआ है। लेकिन ये किसी भी उम्र के लोगों को हो सकता है। खासकर जिनकी इम्यूनिटी कमजोर होती है। वहीं अक्सर लोगों का सवाल होता है कि आखिर कैसे नॉर्मल सर्दी खांसी निमोनिया का रूप ले लेती है। इस बारे में पल्मोनरी क्रिटिकल केयर एंड स्लीप मेडिसिन अस्पताल नई दिल्ली की सीनियर कंसल्टेंट डॉ. नीतू जैन जानकारी दे रही हैं।



### नॉर्मल सर्दी खांसी कैसे बन जाती है निमोनिया?


एक्सपर्ट के मुताबिक मौसम में बदलाव, वायरल इंफेक्शन,धूल मिट्टी से एलर्जी के कारण खांसी होती है। अगर ये खांसी 1 हफ्ते से ज्यादा रहती है तो निमोनिया में बदल जाती है। दरअसल रेस्पिरेटरी ट्रैक एक होता है जो नाक से शुरु होते हुए लंग्स तक पहुंचता है। अगर कोई इंफेक्शन नेजल ट्रैक में रहता है और उसका इलाज नहीं क्या जाता है तो वो इंफेक्शन नेजल ट्रैक सो होते हुए फेफड़ों तक पहुंच जाता है। जिसकी इम्यूनिटी कमजोर होती है उनके फेफड़ों में संक्रमण होने लगता है। वायरस, बैक्टीरिया और फफूंद के कारण फेफड़ों में सूजन हो जाता है। फेफड़ों में हवा की थैली मवाद से भर जाती है और सांस लेने में तकलीफ होने लगती है।



कई बार लोग सामान्य सर्दी जुकाम समझ कर छोड़ देते हैं। समय पर इलाज नहीं मिलने के कारण पीड़ित व्यक्ति की जान चली जाती है। ऐसे में जरूरी है कि जब भी किसी को सर्दी खांसी की शिकायत हो तो लक्षणों को पहचानकर तुरंत डॉक्टर के पास जाना चाहिए।

### निमोनिया के लक्षण

निमोनिया में सांस तेज चलती है सांस लेने में तकलीफ होती है सांस लेते वक्त घरघराहट की आवाज आती है कफ या बलगम वाली खांसी होती है बलगम का रंग पीला होता है कभी कभी खून के छींटे भी आ सकते हैं (बलगम से छुटकारा पाने के उपाय) पसलियों या सीने में दर्द रहता है तेज ठंड के साथ बुखार आ जाता है।





## कूलडाउन करते समय न करें ये गलतियां, वरना मसल्स रिकवरी हो सकती है स्लो

वर्कआउट के बाद मसल्स रिकवरी के लिए, कुछ लोग सोर मसल्स में आराम देने वाले फूड का सेवन करते हैं; तो कुछ हाई प्रोटीन डाइट का सेवन करते हैं। मसल्स रिकवरी में कुछ विटामिन भी मदद कर सकते हैं। वर्कआउट के बाद मसल्स रिकवरी के लिए गहरी नींद भी जरूरी है, जिसके लिए सोने के ये तरीके भी अपना सकते हैं। वर्कआउट के बाद मसल्स रिकवरी और इंजुरी से बचने के लिए कूल डाउन प्रोसेस भी करनी होती है। कूलिंग डाउन प्रोसेस आपकी हृदय गति को धीरे-धीरे कम करने के लिए पर्याप्त समय देता है, जो आपके शरीर को रिकवरी मोड में ले जाता है।

कूल डाउन जब सही तरीके से किया जाता है, तो इसके



अलावा स्टैटिक स्ट्रेचिंग या फोम रोलिंग शामिल है, जो थके हुए मसल्स को आराम देते हैं। कूल डाउन में भले ही इसमें केवल कुछ मिनट लगते हैं, लेकिन वर्कआउट के बाद यह काफी जरूरी है। हो सकता है आप कूल डाउन की प्रोसेस के दौरान कुछ गलतियां कर रहे हों, जिस कारण से बॉडी सही से रिकवर नहीं हो पा रही हो।

### इसलिए कूलडाउन के समय नीचे दी हुई गलतियां करने से बचें

ज्योफ ट्रिप, सीएससीएस ट्रेनियाक में फिटनेस साइंस के हेड के मुताबिक, एक्सरसाइज के बाद कम से कम पांच मिनट का क्विक कूलडाउन प्रोसेस करने से मसल्स रिकवरी की प्रोसेस बढ़ जाती है। एक्सरसाइज के दौरान आपका शरीर कई तनावपूर्ण प्रक्रियाओं से गुजरता है। अमेरिकन कॉलेज ऑफ स्पोर्ट्स मेडिसिन के अनुसार, वर्कआउट के दौरान जो टेंशन क्रिएट होती है उस दौरान कैमिकल ब्रेक होते हैं, जो कि मसल्स में दर्द और थकान पैदा करते हैं।

एक एक्टिव रिकवरी करने वाला कूलडाउन करके, उसके बाद स्ट्रेच करके मसल्स रिकवरी प्रोसेस की ओर आगे बढ़ सकते हैं। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि हर एक्सरसाइज के बाद कूलडाउन करें। बल्कि वर्कआउट खत्म होने के बाद सिर्फ 10 मिनट इस प्रोसेस को दें।

यदि आप 1 घंटा वर्कआउट कर रहे हैं, तो उसके बाद 10 मिनट कूलडाउन प्रोसेस करें, जिसमें स्ट्रेचिंग और फोम रोलिंग शामिल हों। वर्कआउट के बाद कूलडाउन सबसे पहले शरीर के तापमान और ब्लड प्रेशर को नॉर्मल करता है। फिर शरीर को वर्कआउट रिकवरी मोड में लेकर जाता है।

लेकिन ऐसा करने के लिए आपको तुरंत किसी वर्कआउट को बंद नहीं करना चाहिए। उदाहरण के लिए आप यदि स्पीड में साइकिल चला रहे हैं और अचानक से ब्रेक लगा देंगे तो साइकिल गिर जाएगी। आप गिरें न इसके लिए धीरे-धीरे ब्रेक लगाने होंगे। उसी तरह आपको वर्कआउट करना अचानक बंद नहीं करना है, बल्कि धीरे-धीरे वर्कआउट की तीव्रता को कम करना होगा, यह वर्कआउट सेशन को समाप्त करने का सबसे अच्छा तरीका है।

## टेटे में विशाल, अर्जुन, समाया और हर्ष बनें विजेता

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ द्वारा भारतीय जीवन बीमा निगम एवं सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के सहयोग से सप्रे शाला टेबल टेनिस हाल, बुढ़ापारा, रायपुर में आयोजित 23वीं स्टेग ग्लोबल छत्तीसगढ़ राज्य एवं अंतर जिला टेबल टेनिस प्रतियोगिता-2025 में का आयोजन 4 से 7 नवंबर तक किया गया। आखिरी दिन सीनियर पुरुष एकल वर्ग तथा जूनियर(अंडर-17) एवं कैडेट (अंडर-13) बालक एवं बालिका एकल वर्ग संपन्न हुयी। जिसमें सीनियर पुरुष एकल वर्ग तथा जूनियर(अंडर-17) एवं कैडेट (अंडर-13) बालक एवं बालिका एकल वर्ग प्रतियोगिता के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया रायपुर के सहायक महाप्रबंधक सुनित कुमार राणा थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता दुर्ग के पूर्व इंटरनेशनल टेबल टेनिस खिलाड़ी पंकज सतपती ने की । इस अवसर पर छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के सचिव सार्थक शुक्ला, अयोजन सचिव विनय बैसवाड़े, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया रायपुर केमुख्य प्रबंधक पंकज कुमार वर्मा, मुख्य निर्णायक विमल नायर एवं प्रदीप जोशी उपस्थित थे । मंच संचालन एन.जे. राव ने किया। प्रतियोगिता में सीनियर पुरुष वर्ग में

- 23वीं स्टेग ग्लोबल छत्तीसगढ़ राज्य एवं अंतर जिला टेबल टेनिस प्रतियोगिता का समापन




विजेता - विशाल डेकाटे (रायपुर), उपविजेता - अर्जुन मल्होत्रा (रायपुर) 4-2 यूथ अंडर-17 (जूनियर) एकल बालक वर्गमें में विजेता - अर्जुन मल्होत्रा (रायपुर), उपविजेता - आर्यन कुमार सिंह (रायपुर) 3-0 यूथ अंडर-17 (जूनियर) एकल बालिका वर्गमें विजेता - समाया पांडे (रायपुर), उपविजेता - वेदी कछवाहा (रायपुर) 3-2 यूथ अंडर-13 (कैडेट) एकल बालक वर्गमें विजेता - हर्षवर्धन सिंह (बिलासपुर), उपविजेता- शिखर बागड़े (दुर्ग) 3-0 यूथ अंडर-13 (कैडेट) एकल बालिका वर्ग में विजेता - समाया पांडे (रायपुर), उपविजेता - अक्षिता बीनू (बिलासपुर) 3-1 प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक अंतर्राष्ट्रीय अंपायर विमल नायर एवं सहायक मुख्य निर्णायक प्रदीप जोशी, अजीत बेनर्जी और पी.एन. मजूमदार थे।

## रणजी में छत्तीसगढ़ की शानदार पारी

**रायपुर।** बी.सी.सी.आई. द्वारा रणजी ट्रॉफी 2025-26 का आयोजन 15 अक्टूबर से जारी है। जिसमें ग्रुप डी में छत्तीसगढ़ की टीम का चौथा मैच (08 - 11 नवंबर) शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, रायपुर में पुडुच्चेरी टीम के विरुद्ध खेला गया। प्रथम दिवस पुडुच्चेरी ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ़ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 86 ओवरों में 4 विकेट खोकर 201 रन बना लिये हैं। छत्तीसगढ़ की ओर से संजित देसाई ने 69 रन बनाये। वहीं प्रारंभिक बल्लेबाज आयुष पांडे ने 45 रन बनाये तथा कप्तान अमनदीप खरे ने 41 रन बनाए। दिन की समाप्ति तक मयंक वर्मा 31 रन बनाकर क्रिज पर डटे हुये है। पुडुच्चेरी की ओर से पुनित दाते ने 2 विकेट प्राप्त किये। पहले दिन की समाप्ति तक छत्तीसगढ़ ने 4 विकेट के नुकसान पर 201 रन बना लिये हैं।



## जीवन में सुख-समृद्धि लाते हैं वास्तु के ये आसान उपाय, घर में भी आती है खुशहाली

अक्सर वास्तु शास्त्र के हिसाब से घर का निर्माण कराया जाता है। साथ ही घर की सभी चीजों को वास्तु के आधार पर ही रखा जाता है। ऐसी मान्यता है कि यदि वास्तु शास्त्र के नियमों के अनुसार कार्य ना किए जाएं तो घर में कलेश व आर्थिक तंगी बनी रहती हैं। हमारे आसपास रखी चीजें हमारे जीवन पर प्रभाव डालती हैं। वास्तु का सीधा संपर्क हमारे जीवन से जुड़ा होता है। कई बार हम कुछ ऐसे सामान की खरीदारी कर लेते हैं, जिन्हें वास्तु शास्त्र में अशुभ माना गया है। कई बार ये चीजें हमारी तरक्की के मार्ग में नकारात्मक प्रभाव डालती हैं।



### तुलसी का पौधा

वास्तु शास्त्र के अनुसार, घर में पेड़-पौधों को लगाना शुभ माना गया है। हालांकि, इनमें तुलसी का अहम स्थान है। दरअसल वास्तु के मुताबिक हर घर में तुलसी का पेड़ होना बेहद जरूरी हैं। कहा जाता है कि जिन घरों में तुलसी का पौधा होता है, वहां पर खुशहाली रहती हैं।

### घी का दीपक


वास्तु शास्त्र के अनुसार, सभी को अपने घर या दुकान के पूजा स्थल पर रोजाना घी का दीपक जलाना चाहिए। इसके अलावा शाम की पूजा के दौरान कपूर जलाकर आरती करनी चाहिए। ऐसा करने से उस स्थान पर सकारात्मक ऊर्जा बढ़ने लगती हैं।

### इस जगह पर न रखें झाड़ू

धार्मिक मान्यता है कि, कभी भी घर के मुख्य द्वार पर झाड़ू नहीं रखनी चाहिए। इससे मां लक्ष्मी रूठ जाती हैं। वास्तु शास्त्र में भी इस बात का जिक्र हैं कि, मुख्य द्वार या उसके आस-पास झाड़ू नहीं रखनी चाहिए। इससे घर में कलेश बढ़ता है। साथ ही घर में सुख-शांति नहीं आती है।

### जूठे बर्तन छोड़ना

इंसान को कभी भी रात के जूठे बर्तन रसोईघर में नहीं छोड़ने चाहिए। ऐसा करने से घर में कंगाली आती है। ऐसी मान्यता भी हैं कि, रात के जूठे बर्तन को छोड़ने से पूर्वज नाराज हो जाते हैं और घर का सुख चैन समाप्त हो जाता है।
















## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## शादी के बाद सेलेना गोमेज ने रिलीज किया पहला गाना, इंस्टाग्राम पर दिखाई झलक



गायिका और अभिनेत्री सेलेना गोमेज ने एक बार फिर अपने फैंस के लिए एक नया वीडियो पेश किया है। गोमेज ने इस हफ्ते की शुरुआत में 'इन द डार्क' नाम के नए गाने को रिलीज किया है। उन्होंने इसका वीडियो भी जारी किया है। पीपल के मुताबिक, यह गाना 'नोबडी वांट्स दिस सीजन 2: द साउंडट्रैक' का हिस्सा है, जिसमें क्रिस स्टेपलटन, केसी मुसग्रेव्स और फिननेस जैसे कलाकार भी शामिल हैं। ल्यूक ऑरलैंडो द्वारा निर्देशित इस वीडियो में, गोमेज पूरी तरह से काले रंग की पोशाक पहने हुए बड़ी, खुली जगहों से गुजरती हुई दिखाई दे रही हैं। वह मुश्किल दौर में प्यार और अपनाए जाने के बारे में गाना गा रही हैं। वह अंग्रेजी में गाना गाती हैं जिसका हिंदी अनुवाद कुछ इस तरह है 'और मैं वहां रहूंगी जब तुम खुद को खो दोगे / तुम्हें याद दिलाने के लिए कि तुम कौन हो / और मैं वहां किसी और की तरह नहीं रहूंगी / तुम अंधेरे में भी खूबसूरत हो।' वीडियो जारी करने के बाद, गोमेज ने इंस्टाग्राम पर इस गाने की एक छोटी क्लिप साझा किया और लिखा, ''इन द डार्क' अब रिलीज हो गया है। यह बस पुरानी यादों की एक छोटी सी बूंद है। मुझे उम्मीद है कि आपको यह पसंद आएगी। आपको बता दें कि हाल ही में सेलेना गोमेज अपनी शादी को लेकर सुर्खियों में रही थीं। उन्होंने 27 सितंबर को अपने बॉयफ्रेंड बेनी ब्लैंको से शादी की थी। सेलेना ने अपनी शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की थीं। दोनों ने दिसंबर 2024 में सगाई की थी।

### टॉलीवुड

## बॉडी शेमिंग की घटना पर गौरी बोलीं- मेल एक्टर से पूछते ऐसा सवाल ?



मनोरंजन की चमक-दमक भरी दुनिया के पीछे कई बार ऐसे किस्से छिपे होते हैं जो समाज की सोच पर बड़ा सवाल खड़ा कर देते हैं। हाल ही में एक ऐसा ही मामला सामने आया जब तमिल सिनेमा की जानी-मानी अभिनेत्री गौरी किशन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में हुए एक अपमानजनक अनुभव के बाद आवाज उठाई। दरअसल, उनकी नई फिल्म 'अदर्स' के प्रमोशन के दौरान एक पत्रकार ने उनके वजन को लेकर सवाल पूछ लिया और यही सवाल सोशल मीडिया पर बहस का बड़ा मुद्दा बन गया। इसके बाद गौरी किशन ने एक विस्तृत बयान जारी किया जिसमें उन्होंने लिखा कि वो समझती हैं कि एक पब्लिक फिगर के रूप में उन पर लोगों की नजर रहती है, लेकिन किसी के शरीर को लेकर टिप्पणी करना या सवाल उठाना किसी भी संदर्भ में स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा- 'काश मुझसे मेरे किरदार या अभिनय की तैयारी पर सवाल पूछे जाते। मैं सोचती हूं, क्या किसी पुरुष अभिनेता से ऐसा सवाल पूछा जाता?' उन्होंने अपने बयान में लोगों से आग्रह भी किया कि इस घटना को नफरत फैलाने का जरिया न बनाएं, बल्कि एक सीख की तरह लें। गौरी ने कहा कि अब वक्त है जब पत्रकारिता और पब्लिक इवेंट्स में संवेदनशीलता और सम्मान को प्राथमिकता दी जाए। दरअसल पूरा मामला तब शुरू हुआ जब प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अभिनेत्री को लेकर एक सवाल किया गया। चौंकाने वाली बात यह रही कि यह सवाल फिल्म या किरदार से जुड़ा नहीं था, बल्कि एक पुरुष सह-कलाकार से पूछा गया कि 'आपको गौरी को उठाने में परेशानी तो नहीं हुई?' इस टिप्पणी ने गौरी को न सिर्फ असहज किया, बल्कि उन्होंने तुरंत मंच पर ही अपनी बात रखने का साहस दिखाया। उन्होंने मुस्कराते हुए लेकिन तीखे शब्दों में जवाब देते हुए कहा- 'मेरे वजन से आपको क्या लेना-देना? क्या यह फिल्म का हिस्सा है?

### भोजपुरी

## चुनाव प्रचार के बीच रोमांस करते दिखे पवन, एक्शन और स्वैग से जीता दिल



इन दिनों बिहार विधानसभा चुनाव का माहौल है। भोजपुरी इंडस्ट्री के पावर स्टार पवन सिंह भाजपा के लिए प्रचार कर रहे हैं। इस बीच उन्हें रोमांस करते देखा गया। असल में एक्टर का नया गाना रिलीज हुआ है। भोजपुरी अभिनेता पवन सिंह इन दिनों बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की तरफ से प्रचार में जुटे हैं। रैलियों और रोड शो के बीच पावर स्टार का नया गाना 'एक बिहारी सौ पे भारी' रिलीज हुआ है। इस गाने में वे एक्शन अंदाज में नजर आ रहे हैं। साथ ही रोमांस का तड़का भी लगाया है। पवन सिंह का गाना 'एक बिहारी सौ पे भारी' आज मंगलवार को वेव म्यूजिक यूट्यूब चैनल पर रिलीज हुआ है। इसे पवन सिंह और गोल्डी यादव ने गाया है। यह गाना पवन सिंह और अभिनेत्री रुबा खान पर फिल्माया गया है। इस गाने के बोल राजकुमार प्रियदर्शी ने लिखे हैं। पवन सिंह के इस गाने को लाखों व्यूज मिल चुके हैं। इस गाने में पवन सिंह का स्वैग देखने लायक है। हाथ में बंदूक थामे और मुंह में फूल दबाए वे एक्शन और रोमांस दोनों अंदाज से दिल जीत रहे हैं। पवन सिंह और रुबा खान की केमिस्ट्री भी शानदार है। गाने को दर्शकों से अच्छे रिएक्शन मिल रहे हैं। 'एक बिहारी सौ पे भारी' सॉन्ग से पहले पवन सिंह का हाल ही में चुनावी थीम वाला सॉन्ग 'जोड़ी मोदी नितीश के हिट होई' भी खूब चर्चा में रहा। इसमें उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जोड़ी की तारीफ की।

## लाइफ स्टाइल



बरमूडा शॉर्ट्स की धूम

2025 पुरुषों के फ़ैशन ट्रेंड पर नजर डालें तो मॉडल लुई गेब्रियल नूची, केंज़ो और टॉड स्नाइडर की अदाएं पसंद आ सकती है। आज टॉड स्नाइडर से लेकर लुई गेब्रियल नूची और केंज़ो तक बरमूडा शॉर्ट्स का चलन रहा है। यह हाल के सीज़न में बमुश्किल दिखने वाले कट में घुटनों से नीचे तक कुछ इंच जोड़ देते हैं। हालाँकि, ये बीते दौर के बरमूडा नहीं हैं। चमड़े और ऊनी कपड़े इसके विशाल आकार को और भी उभार देते हैं।

## सर्दी में टीशर्ट पहनिए और लुक पर पाइए फुल मार्क



अलमारी में रखी आपकी टीशर्ट अब पहनने का मौका ही नहीं मिलता है? क्योंकि सर्दी के मौसम में टीशर्ट का क्या काम, पिछले कई महीनों से ये बस रखी हैं। अगर ऐसा आपके साथ भी है तो अब ऐसा मत कीजिएगा क्योंकि टी शर्ट को सर्दी में भी कई तरह से पहना जा सकता है। ये वो तरीके हैं, जो आपको सर्दी में भी टीशर्ट के साथ हैंडसम दिखाएंगी-

### कोट करेंगे आपकी मदद

इस वक्त कोट तो पहने ही जा सकते हैं। आप भी इन्हें अपने लुक में शामिल करते होंगे लेकिन अब कोट लुक में टीशर्ट को भी शामिल कर लीजिए। इसमें आपको जींस का साथ मिल जाए तो बिल्कुल एलीगेंट लुक आपको मिल जाएगा। आप लॉन्ग कोट के साथ जींस और अपनी पसंद की टी शर्ट पहनिए। इस वक्त रंगों के कॉम्बिनेशन का ध्यान रखें।

### कस्टम मेड टीशर्ट हैं तो

अगर आपके पास कस्टममेड टीशर्ट हैं तो आप इनको कोट के साथ पहनकर सिंपल लुक पा सकते हैं। लेकिन इस लुक को स्नीकर के साथ मैच करके पूरा किया जाए तो सबकुछ परफेक्ट हो जाएगा।

### ओवर साइज टीशर्ट का फैशन

ओवरसाइज टीशर्ट का फैशन पिछले लंबे समय से चल रहा है तो आपके पास भी ये जरूर होंगी। इनको भी विंटर फैशन में शामिल किया जा सकता है। इन टीशर्ट के साथ आपको स्पोर्टी लुक मिल सकता है। इसके साथ आप लेगिंग स्टाइल पैंट पहनें और साथ में मनपसंद जैकेट भी। स्टाइलिश स्नीकर हों तो और भी अच्छा।

### लेयरिंग से बनेगी बात

टीशर्ट लेयरिंग में काफी काम आती है। इनको आप डेनिम शर्ट के साथ पहनें और ऊपर से जैकेट या लॉन्ग कोट पहन लें। शर्ट के ऊपरी बटन खोल लें ताकि टीशर्ट का पैटर्न अच्छे से नजर आ सके।

### ऑल ब्लैक लुक और व्हाइट टीशर्ट

आपके पास व्हाइट टीशर्ट तो होगी ही। इस टीशर्ट को ऑल ब्लैक लुक का सेंटर पॉइंट बनाया जा सकता है। आप ब्लैक जैकेट या लॉन्ग कोट के साथ ब्लैक जींस पहनिए। इसके साथ पहनिए सफेद टीशर्ट, बस हो गया आपका लुक पूरा।

## पार्टी की तैयारी कर दें शुरू, ऐसे आउटफिट देख तारीफ करेगा



ऑफिस एक ऐसी जगह है, जहां हर कोई स्टाइलिश दिखना चाहता है। ऑफिसों में आए दिन कुछ ना कुछ इवेंट भी आयोजित होते रहते हैं, जिसमें हर कोई काफी उत्साह के साथ भाग लेता है। अब मौसम त्योहार का है, जिसकी धूम दिखाई दे रही है। दरअसल, ऑफिस में इस तरह के आउटफिट ही पहनना सही रहता है, जो कंफर्टेबल हों। अगर आपके ऑफिस में भी दिवाली पार्टी है और आप उसमें अपना जलवा दिखाना चाहती हैं तो हम आपको कुछ ऐसे ट्रेंडी आउटफिट दिखाने जा रहे हैं, जो आपको पसंद भी आएंगे। इस तरह के आउटफिट आपको आसानी से बाजार में मिल जाएंगे।



### प्लाजो सेट



पिंक रंग का ऐसा प्लाजो सेट आपको क्लासी दिखने में मदद करेगा। इसे पहनकर आप दफ्तर में भी काफी ज्यादा स्टाइलिश लगेंगी। इसके साथ बालों को खुला रखें और माथे पर एक छोटी सी बिंदू जरूर लगाएं।

### चिकनकारी कुर्ता

अगर आप कुछ ऐसा पहनना चाहती हैं, जो क्लासी के साथ-साथ आरामदायक हो तो इस तरह का चिकनकारी कुर्ता एक बेहतर विकल्प है। इसके साथ आप चाहें तो लैगिंग्स पहन सकती हैं। प्लाजो भी आपके इस लुक को पूरा करेगा।


### अनारकली सूट

इस तरह का अनारकली सूट आपके एथनिक लुक को ग्लैमरस बना सकता है। इसके साथ बालों को खुला रखें और कानों में ईयररिंग्स जरूर पहनें।

### शरारा सूट


ऑफिस की पार्टी के लिए शरारा सूट सबसे बेहतर विकल्प है। इसे पहनकर आप पार्टी में डांस भी कर सकती हैं। इसके साथ ही इसे पूरे दिन के लिए आप पहन सकती हैं, ये काफी कंफर्टेबल रहता है।

## चेहरा नहीं होगा चिपचिपा जब ऐसे करेंगी मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल



बदलते मौसम के कारण अक्सर हमारी स्किन चिपचिपी नजर आती है। लेकिन जिन लोगों की ऑयली स्किन होती है उनको हमेशा इस परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसकी वजह से ज्यादातर समय उनकी स्किन डल और बेजान दिखाई देती है। जिस भी प्रोडक्ट का वो इस्तेमाल करती हैं उसको लगाने के बाद स्किन पर और ज्यादा ऑयल आने लगता है। ऐसा तब होता है जब मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल किया जाता है। ऐसे में आपको यहां बताई गई चीजों का ध्यान रखना पड़ेगा। इससे आपकी स्किन चिपचिपी नजर नहीं आएगी।
अक्सर ऐसा होता है कि मार्केट में जब कोई नया प्रोडक्ट आता है तो हमें जल्दी रहती है कि कैसे भी हम इसका इस्तेमाल करें। शायद इससे स्किन को थोड़ा फायदा मिले। लेकिन ऐसा नहीं है। बल्कि आपको इस बात पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए कि जो भी आप प्रोडक्ट खरीदें वो ऑयल फ्री हो, मैट फिनिश हो या फिर जेल बेस्ड हो। इससे स्किन ऑयली नजर नहीं आती है। जब आप इसे ट्राई करेंगी तो स्किन पर ऑयल भी कम दिखाई देगा। इसी के साथ किसी भी लुक को अच्छे से क्रिएट कर पाएंगी। जब भी आप किसी प्रोडक्ट का इस्तेमाल पहली बार करें तो उसकी जानकारी सही तरीके से पढ़ लें। तभी इसका उपयोग स्किन पर करें। स्किन को रखें साफ स्किन को साफ रखना बेहद जरूरी होता है। वरना स्किन पर धूल मिट्टी के कारण बैक्टीरिया का खतरा होता है। खासकर ऑयली स्किन (ऑयली स्किन केयर टिप्स) वाली महिलाओं को अपनी स्किन हमेशा साफ रखनी चाहिए। इससे स्किन में मौजूद गंदगी, ऑयल और इंप्योरिटी हट जाती है। इसके लिए आप अपनी स्किन टेक्सचर के हिसाब से क्लींजर का इस्तेमाल कर सकती हैं।

## पतले बालों को घना बनाने आजमाएं आसान उपाय



बालों को हमेशा सुंदरता की पहचान माना जाता है। इसलिए बालों की देखभाल में लापरवाही नहीं करनी चाहिए, लेकिन हमारी गलती के कारण बाल खराब होने लगते हैं। ज्यादातर लोगों को घने और लंबे बाल पसंद होते हैं। क्या आपके भी बाल जरूरत से ज्यादा पतले हो गए हैं? घने बालों के लिए आप कुछ घरेलू नुस्खे आजमा सकती हैं।

तनाव की वजह से बाल पतले हो जाते हैं। इसलिए चिंतामुक्त रहें। कलरिंग, हीट स्टाइलिंग टूल्स और स्मूदनिंग जैसे हेयर ट्रीटमेंट के कारण बाल टूटने लगते हैं। हेयर फॉल पतले बालों का कारण है।
बालों के लिए गुड़हल का फूल बेहद फायदेमंद होता है। यह फूल सफेद बालों से लेकर झड़ते बालों की समस्या को कम करने में मदद करता है। गुड़हल का फूल स्कैल्प में ब्लड फ्लो को बढ़ाकर बालों की ग्रोथ में मदद करता है। अगर आपके बाल पतले हो गए हैं, तो आप बालों में इस तरह से गुड़हल के फूल का इस्तेमाल कर सकती हैं।

सबसे पहले गुड़हल के फूल और पत्तियों को अच्छे से धोकर साफ कर लें। अब मिक्सी में गुड़हल के फूल और पत्ते के साथ 2 चम्मच एलोवेरा जेल और थोड़ा-सा दही डालें। सभी चीजों को मिक्सी में पीस लें। लीजिए तैयार है घने बालों के लिए उपाय। अब इस पेस्ट को बालों की लंबाई और स्कैल्प लगाएं। करीब आधे घंटे बाद हेयर वॉश कर लें। हफ्ते में दो बार इस पेस्ट के इस्तेमाल से आपको फर्क दिखने लगेगा।

ग्रीन टी शरीर बाल और त्वचा तीनों के लिए फायदेमंद है। ग्रीन टी में एंटी-ऑक्सीडेंट पाए जाते हैं। घने बालों के लिए बालों में ग्रीन टी से बने मास्क का इस्तेमाल कर सकती हैं। ग्रीन टी मास्क बनाने के लिए स्टेप्स फॉलो करें- ग्रीन टी बैग को पानी में डालकर अच्छे से उबाल लें। अब ग्रीन टी में नारियल का तेल और ऑलिव ऑयल डालें। लीजिए बन गया ग्रीन टी से हेयर मास्क। इस मास्क से बालों को मसाज करें। खासतौर पर स्कैल्प पर जरूर लगाएं। करीब 10 मिनट बाद ठंडे पानी से हेयर वॉश कर लें। एवोकाडो एक सुपर फूड है। एवोकाडो में भरपूर मात्रा में पोषक तत्व पाए जाते हैं। एवोकाडो में विटामिन ई पाया जाता है, जो बालों को मॉइश्चराइज करने में मदद करता है।

### कार्नर न्यूज

### शान का पहनावा माना जाता है टक्सेडो को

## टक्सेडो में स्मार्ट लुक के लिए अपनाएं जरूरी ड्रेसिंग टिप्स, स्टाइल के साथ दिखेंगे कमाल के

टक्सेडो पुरुषों के फॉर्मल पहनावे का जरूरी हिस्सा है। इसे शान का पहनावा भी कहा जाता है। फॉर्मल पहनावे में और ज्यादा स्मार्ट लुक चाहिए हो तो टक्सेडो काफी काम आता है। लेकिन इसको पहनने की कोशिश में कुछ खास बातें जरूर ध्यान कर लें। इन बातों के साथ आपका टक्सेडो लुक बेस्ट दिखेगा। आप भी टक्सेडो को पहली बार पहनने जा रहे हैं या चाहकर भी इनमें बेस्ट लुक नहीं मिल पा रहा है तो आप इन ड्रेसिंग टिप्स को जरूर आजमाइए-

### मिडनाइट ब्लू है ब्लैक से बेहतर

आम तौर पर टक्सेडो ब्लैक कलर का ही चुना जाता है लेकिन कम ही लोग जानते हैं कि मिडनाइट ब्लू ब्लैक से भी बेहतर होता है। इसके साथ तस्वीरें भी अच्छी आती हैं। इसलिए आप अच्छी फिटिंग वाले टक्सेडो के लिए मिडनाइट ब्लू कलर ही चुनें।

### टक्सेडो के साथ शर्ट

टक्सेडो के साथ शर्ट का चुनाव भी सोच-समझकर किया जाना चाहिए। टक्सेडो किसी भी रंग का हो इस पर बिल्कुल सफेद शर्ट बहुत अच्छी लगती है। शर्ट के कॉलर भी विंग स्टाइल के होने चाहिए। लेकिन आप बो टाई का चुनाव कर रहे हैं तो विंग को टक जरूर कर लें।



### काले मोजे करेंगे मैच

आप जब भी पैर मोड़ते हैं तो पैंट नीचे से थोड़ी ऊपर उठ जाती है। फिर नीचे झांकते हैं रंग-बिरंगे या बिल्कुल अलग से रंग के मोजे। आपके साथ भी ऐसा न हो इसलिए टक्सेडो के साथ ब्लैक मोजे ही पहनें। इनके साथ आपका टक्सेडो वाला लुक कभी बिगड़ेगा नहीं।

### बो टाई होगी बेस्ट

बहुत से पुरुष टक्सेडो के साथ नेकटाई ही पहनते हैं। लेकिन नेकटाई टक्सेडो पर उतनी सूट नहीं करती है जैसे बो टाई कमाल कर लेती है। टक्सेडो के फेब्रिक से ही बनी काली या मिडनाइट ब्लू कलर की बो टाई आपके लुक को बेस्ट बना देती है।

### पॉकेट स्क्वायर भी हो परफेक्ट

टक्सेडो के साथ पॉकेट स्क्वायर भी सही-सही मैच करना होता है। आप अपने टक्सेडो के साथ सफेद पॉकेट स्क्वायर ही चुनें। इसका फेब्रिक कॉटन या लिनेन का होना चाहिए।

